3 अगस्त 2025
रविवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़, पुलिस की बड़ी सफलता, छह लोगों को किया गिरफ्तार 2



# बोले राहुल... भारत का इलेक्शन सिस्टम मर चुका है, मोदी धांधली से प्रधानमंत्री बने


**एजेंसी/नई दिल्ली**

राहुल गांधी ने पिछले 10 दिनों में तीसरी बार इलेक्शन कमीशन पर निशाना साधा है। राहुल ने शनिवार को कहा कि भारत का इलेक्शन सिस्टम मर चुका है। हम आने वाले कुछ दिनों में आपको साबित कर देंगे कि लोकसभा चुनाव में कैसे धांधली हो सकती है और हुई भी। भारत के पीएम के पास बहुत कम बहुमत है। अगर 10-15 सीटों पर भी धांधली न होती तो वे भारत के प्रधानमंत्री भी नहीं होते। राहुल ने ये बातें दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एनुअल लीगल कॉन्क्लेव- 2025 में कहीं। वहीं, चुनाव आयोग ने 12 जून को

- राहुल गांधी ने 1 अगस्त को कहा था कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है। हमारे पास एटम बम है। जब फटेगा तो चुनाव आयोग बचेगा नहीं।

राहुल गांधी को भेजा गया लेटर जारी किया है। चुनाव आयोग के मुताबिक कि यह पत्र उन्होंने महाराष्ट्र चुनाव को लेकर दिए गए बयानों पर भेजा था और मुलाकात कर आरोप साबित करने को कहा था। राहुल ने अब तक इस पत्र का कोई जवाब नहीं





दिया और न ही मुलाकात की। इससे पहले राहुल ने 1 अगस्त को कहा था कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है। हमारे पास एटम बम है। जब फटेगा तो चुनाव आयोग बचेगा नहीं। राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग ने कर्नाटक की एक सीट पर धोखाधड़ी कराई। हमारे पास इसके 100 प्रतिशत सबूत हैं। एक ही निर्वाचन क्षेत्र में 50, 60 और 65 साल के हजारों नए वोटरों को सूची में जोड़ा गया है और 18 साल से ज्यादा उम्र के वोटरों को सूची से हटा दिया गया है।

## राहुल गांधी के बयान पर भड़के रक्षामंत्री

राहुल गांधी के इस बयान के बाद रक्षामंत्री राजनाथ भड़क उठे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जवाब दिया। राजनाथ बोले कि अगर आपके पास परमाणु बम है तो उसे फोड़ दें। हां इतना ख्याल रखें कि आप सुरक्षित रहें। 2014 से ही मुझे इलेक्शन सिस्टम पर संदेह रहा है। भाजपा का इतनी बड़ी जीत हासिल करना आश्चर्यजनक था। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह सकता था, लेकिन अब मैं बिना किसी संदेह के कहता हूं कि हमारे पास सबूत हैं। लोकसभा में, हम चुनाव जीते। और फिर चार महीने बाद, हम न केवल हारे, बल्कि पूरी तरह से खत्म हो गए। हमने पाया कि महाराष्ट्र में, लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। इनमें से ज्यादातर वोट भाजपा को जाते हैं। संविधान की रक्षा करने वाली संस्था को मिटाकर उस पर कब्जा कर लिया गया है। हमारे पास ऐसे सबूत हैं जो पूरे देश को दिखा देंगे कि चुनाव आयोग जैसी संस्था का कोई अस्तित्व ही नहीं है। यह गायब हो गई है। चुनाव आयोग जैसी संस्था ठीक से काम नहीं करती। आपको जानकर हैरानी होगी कि चुनाव आयोग जो दस्तावेज उपलब्ध कराता है, उन्हें स्कैन या कॉपी नहीं किया जा सकता।

## चुनाव आयोग पर लगातार निशाना साध रहे है राहुल

चुनाव आयोग मतदाता सूची पर स्कैन और कॉपी प्रोटेक्शन क्यों लागू करता है। चुनाव आयोग की ओर से जारी किए गए लेटर में लिखा है कि कांग्रेस ने पहले भी नवंबर 2024 के चुनावों के बाद ऐसे ही आरोप लगाए थे, जिनका विस्तृत जवाब 24 दिसंबर 2024 को दिया गया था। पत्र में बताया गया है कि चुनाव पूरी पारदर्शिता से, कानून के अनुसार और हजारों अधिकारियों की निगरानी में कराए गए। आयोग ने यह भी कहा कि अगर कांग्रेस को कोई कानूनी आपत्ति थी तो वह कोर्ट में चुनाव याचिका दाखिल कर सकती थी। इलेक्शन कमीशन पर लगातार निशाना साध रहे राहुल गांधी को चुनाव आयोग ने शुक्रवार को जवाब दिया था। इलेक्शन कमीशन ने एक बयान जारी करते हुए कहा था कि चुनाव आयोग ऐसे निराधार आरोपों को नजरअंदाज करता है। लगातार दी जा रही धमकियों के बावजूद, हम सभी चुनाव अधिकारियों से कहना चाहते हैं कि वे पहले की तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करें। गैर जिम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करें।राहुल ने आगे कहा कि मैं इसे हल्के में नहीं, बल्कि सौ प्रतिशत प्रमाण के साथ कह रहा हूं। पूरे देश को पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग भाजपा के लिए वोट चुराने का काम कर रहा है।

### पीएम ने काशी में किया जनसभा को संबोधित, 2,200 करोड़ रुपए के 52 प्रोजेक्ट किए लॉन्च

# सिंदूर के बदले का वचन पूरा : पीएम

- टैरिफ वॉर के बीच कहा- वही खरीदेंगे-बेचेंगे जिसे बनाने में भारतीय का पसीना बहा
- देशभर के किसानों के लिए सम्मान निधि की 20वीं किस्त के 20,500 करोड़ रुपए जारी
- पाकिस्तान ने फिर पाप किया तो मिसाइलें आतंकियों को तबाह करेंगी

**एजेंसी/बनारस**

पीएम नरेंद्र मोदी ने काशी में कहा कि मैंने बेटियों के सिंदूर का बदला लेने के लिए जो वचन दिया था, वो पूरा हो गया। ये महादेव के आशीर्वाद से ही पूरा हुआ। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं। अगर पाकिस्तान ने फिर कोई पाप किया तो हमारी मिसाइलें आतंकियों को तबाह कर देंगीं। उन्होंने कहा कि भारत पर वार करने वाला दुश्मन पाताल में भी नहीं बचेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारत के स्वेदशी हथियारों की ताकत पूरी दुनिया ने देखीं। ड्रोन, मिसाइलें, एयर डिफेंस ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत को साबित किया है। पाकिस्तान में तो इतना खौफ है कि ब्रह्मोस की आवाज भी आ जाए तो पाकिस्तान को नींद नहीं आती है। पीएम ने अमेरिका का बिना नाम लिए टैरिफ पर भी बयान दिया। कहा- हम उन चीजों को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है। हमें वोकल फॉर लोकल मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि मेक इन इंडिया प्रोडक्ट को बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो भी नया सामान आया, वो स्वदेशी ही होगा। ये जिम्मेदारी हर नागरिक को ही लेनी होगी। मैं दुकानदार भाइयों से आग्रह करता हूं, जब दुनिया इस तरह की अस्थिरता से गुजर रही है तो हम सिर्फ स्वदेशी माल ही बेचेंगे। पीएम ने 54 मिनट तक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने काशी में 2,200 करोड़ रुपए के 52 प्रोजेक्ट लॉन्च किए। साथ ही देशभर के किसानों के लिए सम्मान निधि की 20वीं किस्त के 20,500 करोड़ रुपए जारी किए। यह मोदी का प्रधानमंत्री रहते 51वां और तीसरे कार्यकाल में तीसरा दौरा है। कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को तमाशा कहा



## कांग्रेस-सपा वाले आतंकियों की हालत देखकर रोते हैं...

पाकिस्तान के कई सारे एयरबेस आज भी क्षव में पड़े हैं। पाकिस्तान दुखी है। ये तो सब कोई समझ सकता है, लेकिन पाकिस्तान का ये दुख सपा और कांग्रेस से सहन नहीं हो रहा। उधर, आतंक का आका रोता है। इधर कांग्रेस-सपा वाले आतंकियों की हालत देखकर रोते हैं। कांग्रेस हमारी सेनाओं के पराक्रम का लगातार अपमान कर रही है। मोदी ने कहा-हमारा देश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। अब तक डेढ़ करोड़ से ज्यादा लखपति दीदी बन चुकी हैं। लक्ष्य का आधा काम पूरा कर लिया। ये आंकड़ा सुनकर सपा वाले साइकिल लेकर भाग जाएंगे। सरकार के ड्रोन दीदी अभियान ने लाखों लोगों की आय बढ़ाई है।

## पाकिस्तान ने फिर पाप किया तो मिसाइलें आतंकियों को तबाह करेंगी

अगर पाकिस्तान ने फिर कोई पाप किया तो यूपी में बनी मिसाइलें आतंकियों को तबाह कर देंगीं। आज यूपी इतनी तेजी से विकास कर रहा है। सपा के समय में यूपी में अपराधी बेखौफ थे। निवेशक यूपी आने से डरते थे। भाजपा की सरकार में अपराधियों में खौफ है। आज निवेशक यूपी में भरोसा देख रहे हैं।

कि कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को तमाशा कहा है। क्या सिंदूर को कोई तमाशा कह सकता है। हमारी सेना का पराक्रम और बहनों के सिंदूर का बदला... तमाशा कहने की ये हिम्मत...ये निर्लज्जता...वोट बैंक और तुष्टीकरण की इस राजनीति में सपा भी पीछे नहीं है। सपा के नेता संसद में कह रहे थे कि पहलगाम के आतंकियों को अभी क्यों मारा? अब बताइए, मैं फोन करके इनसे पूछूं। ये वही लोग हैं जब यूपी में सत्ता में थे तो आतंकियों को क्लीनचिट देते थे। बम धमाके करने वालों से मुकदमे वापस लेते थे। ये नया भारत, दुश्मनों के लिए काल भैरव बन जाता है मैं काशी की धरती से कहना चाहता हूं। ये नया भारत है। भोलेनाथ को भी पूजता है। दुश्मनों के सामने काल भैरव भी बन जाता है। विरोधी संसद में कह रहे थे कि पहलगाम के आतंकियों को क्यों मारा, क्या सपा वालों को फोन करूं क्या, क्या आतंकियों को भागने का मौका देना चाहिए था। मोदी ने कहा- कुछ दिनों पहले मैं तमिलनाडु में था। मैं वहां एक हजार साल पुराने एक ऐतिहासिक गंगाईकोंडा चोलापुरम मंदिर गया था। ये मंदिर हमारे देश के महान और प्रसिद्ध राजा राजेंद्र चोल ने बनवाया था। उन्होंने उत्तर भारत से गंगाजल मंगवाकर उत्तर से दक्षिण को जोड़ा था। हजार साल पहले अपनी शिव भक्ति से राजेंद्र चोल ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत का उद्घोष किया।

# पूर्व सांसद रेवन्ना को उम्र कैद की सजा

**एजेंसी/बेंगलूरू**

कर्नाटक की विशेष अदालत की तरफ से दुष्कर्म के एक मामले में दोषी करार दिए गए जनता दल सेक्युलर नेता और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। विशेष अदालत के जज संतोष गजानन भट्ट ने सजा का एलान किया। पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दुष्कर्म के चार मामले दर्ज हैं। मामला 48 वर्षीय महिला से जुड़ा है, जो हासन जिले में रेवन्ना के परिवार के गन्निकाडा फार्महाउस में घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी।



**हाईकोर्ट में अपील कर सकता है रेवन्ना :** विशेष लोक अभियोजक अशोक नायक ने कहा कि आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है और उस पर जुर्माना भी लगाया गया है। वह उच्च न्यायालय में सजा को चुनौती दे सकता है। सभी को अदालत के फैसले का सम्मान करना चाहिए। जेडीएस से निष्कासित नेता और पूर्व लोकसभा सांसद प्रज्वल रेवन्ना को दुष्कर्म के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा मिलने पर कर्नाटक के मंत्री एमसी सुधाकर ने कहा कि हम सभी को अदालत के फैसले का सम्मान करना चाहिए। यह साबित हो गया है कि उन्होंने यह कृत्य किया है।

**प्रज्वल रेवन्ना पर क्या हैं आरोप:** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का पौत्र रेवन्ना 2021 में हासन के फार्महाउस और बेंगलूरु में अपने घर में महिला के साथ दो बार दुष्कर्म करने का दोषी पाया गया। उसने इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड भी कर लिया था। साथ ही धमकी दी थी कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो वह वीडियो लीक कर देगा।

**पीड़िता की गवाही रही अहम:** विशेष सरकारी वकील अशोक नायक ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने 26 गवाहों से बयान लिए और 180 दस्तावेज जमा किए। मुख्य साक्ष्य पीड़िता का था, जो बहुत ही विश्वसनीय था। इसमें 113 गवाहों के बयान शामिल थे। मामले तब प्रकाश में आए, जब प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित अश्लील वीडियो वाले पेन-ड्राइव कथित तौर पर हासन में 26 अप्रैल, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले प्रसारित किए गए।

## अमरनाथ यात्रा 3 अगस्त से स्थगित, अब तक 4.1 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**नई दिल्ली।** प्रशासन ने वार्षिक अमरनाथ यात्रा को इसके तय समापन से एक सप्ताह पहले स्थगित कर दिया है। हाल ही में हुई वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त मार्गों के रखरखाव की जरूरत के कारण यह निर्णय लिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस वर्ष तीन जुलाई से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा का रक्षाबंधन के दिन नौ अगस्त को समापन होना है। हालांकि अधिकारियों ने भारी बारिश के मद्देनजर महत्वपूर्ण मरम्मत और रखरखाव कार्यों का हवाला देते हुए इसकी अवधि एक सप्ताह घटाने का फैसला किया।कश्मीर के संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने यहां बताया कि हाल ही में हुई भारी बारिश और अमरनाथजी यात्रा मार्ग के बालटाल और पहलगाम दोनों छोरों पर मार्ग के रखरखाव की आवश्यकता के कारण दोनों मार्गों पर यात्रा बंद कर दी गई है। उन्होंने कहा कि यह देखा गया कि मार्ग पर लगातार श्रमिकों और मशीनरी की तैनाती के कारण हम यात्रा को कल से पुनः आरंभ नहीं कर पाएंगे। इसलिए तीन अगस्त से यात्रा दोनों मार्गों से स्थगित रहेगी। बिधूड़ी ने बताया कि इस वर्ष 410,000 से अधिक यात्रियों ने पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन किये हैं। इसकी तुलना में पिछले वर्ष 510,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किया था।

## जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में एक आतंकी ढेर

**एजेंसी/जम्मू**

दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के अखल इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें एक आतंकी को मार गिराया गया। चिनार कॉर्प्स ने शनिवार सुबह इसकी पुष्टि की। यह मुठभेड़ भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ और विशेष अभियान समूह के ज्वाइंट ऑपरेशन का हिस्सा थी, जो अब भी जारी है। भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स ने बताया कि ऑपरेशन अखल, कुलगाम के तहत रातभर रुक-रुक कर और तीव्र गोलीबारी जारी रही. सतर्क सैनिकों ने संतुलित जवाबी कार्रवाई करते हुए आतंकियों की घेराबंदी और सख्त



कर दी। भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स ने बताया है कि अभी इलाके में 2 से 3 आतंकी और छिपे हो सकते हैं। सेना को इस बात की आशंका है और तलाश जारी है। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के जंगल क्षेत्र में आतंकवादियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का ज्वाइंट ऑपरेशन जारी है। चिनार कॉर्प्स ने जानकारी दी है कि भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और

# बोले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप... सुना है भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

ट्रेड डील को लेकर अमेरिका और भारत के बीच संशय बना हुआ है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बयान देते हुए कहा है कि मैं समझता हूं भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील और टैरिफ को लेकर चारों तरफ हंगामा मचा हुआ है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूज एजेंसी एएनआई के एक सवाल के जवाब में कहा कि मैं समझता हूं कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। मैंने यही सुना है। मुझे नहीं पता कि यह सही है या नहीं। यह एक अच्छा कदम है। हम देखेंगे कि क्या होता है। डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने और एक अगस्त से जुर्माना वसूलने का ऐलान किया है। ट्रंप ने इसके पीछे की वजह बताई। भारत और अमेरिका का दोस्त होने के बावजूद, व्यापार के मामले में कभी बहुत सहयोगी नहीं रहा है। भारत दुनिया में सबसे ऊंचे टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक है और वहां नॉन-मॉनेटरी ट्रेड बैरियर्स भी बेहद जटिल और आपत्तिजनक हैं। ट्रंप ने कहा कि यही वजह है कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक लेन-देन सीमित रहा है। बीते दिनों डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान में कहा था कि याद रखें, भारत हमारा मित्र है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हमने उसके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है क्योंकि उसके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं, किसी भी देश की तुलना में उसके यहां सबसे कठोर और अप्रिय गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाएं हैं।

### निर्धारित समय से अधिक वक्त तक सरकारी बंगले में रहने को लेकर हुआ था विवाद उत्पन्न

# पूर्व चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने किया सरकारी आवास खाली

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश के पूर्व चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ ने दिल्ली स्थित चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया का आधिकारिक आवास खाली कर दिया है। भारत के 50वें चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ आठ नवंबर, 2024 को रिटायर हो गए थे। हाल में, नयी दिल्ली के 5, कृष्ण मेनन मार्ग स्थित चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के आधिकारिक आवास पर उनके निर्धारित समय से अधिक वक्त तक रहने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। जस्टिस चंद्रचूड़ ने सात जुलाई को स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा था कि सामान बांध लिया गया



है और वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ जल्द ही किराये पर सरकारी आवास में चले जाएंगे। जस्टिस चंद्रचूड़, उनकी पत्नी कल्पना और बेटियां प्रियंका और माही पांच कृष्ण मेनन मार्ग, नयी दिल्ली स्थित सीजेआई के आधिकारिक आवास में रह रहे थे। प्रियंका और माही दोनों दिव्यांग हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने बंगले में निर्धारित समय से अधिक वक्त तक रहने के कारणों को विस्तार से बताते हुए कहा था कि हमने वास्तव में अपना सामान बांध लिया है। हमारा सामान पहले ही पूरी तरह बांधा जा चुका है। कुछ सामान पहले ही नए घर में भेज दिया गया है और कुछ यहां भंडार कक्ष में रखा हुआ है। निर्धारित समय से ज्यादा रहने की बताई थी ये वजह वह सरकारी बंगले में कथित तौर पर निर्धारित अवधि से अधिक समय तक रहने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट प्रशासन द्वारा केन्द्र सरकार को भेजे गए पत्र का जवाब दे रहे थे। पूर्व चीफ जस्टिस ने विवाद पर दुख जताया था और अपनी बेटियों की चिकित्सा स्थिति का हवाला दिया था, जिन्हें व्हीलचेयर अनुकूल घर की आवश्यकता थी। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा था कि सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने तत्कालीन चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना से बात की थी, जो उनके उत्तराधिकारी बने थे, और उन्हें बताया था कि उन्हें 14, तुगलक रोड स्थित बंगले में लौटना है, जहां वह चीफ जस्टिस बनने से पहले रहते थे।



# कर्मनाशा नदी में उफान, बक्सर के कई गांवों में बाढ़ का खतरा, खेतों में डूबी फसलें



- सिमरी व ब्रह्मपुर प्रखंडों के दियारा क्षेत्रों में भी तेजी से फैल रहा है गंगा का पानी, हजारों एकड़ खेत जलमग्न, किसानों की बढ़ी चिंता

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का प्रभाव अब उसकी सहायक नदी कर्मनाशा पर भी साफ तौर पर नजर आने लगा है। गंगा के दबाव के चलते कर्मनाशा नदी उफान पर है, जिससे तटीय इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। शनिवार को कर्मनाशा का जलस्तर तेजी से बढ़ता देखा गया, जिससे चौसा प्रखंड के सिकरौल गांव को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग पूरी तरह जलमग्न हो गया है। वहीं, बनारपुर गांव की हालत भी गंभीर होती जा रही है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है।

बनारपुर गांव के तटीय इलाके में बनी झुग्गियां और पशु चारे के लिए बनाए गए अस्थायी ढांचे पानी में डूब चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि नदी की रफ्तार इसी तरह बढ़ती रही, तो रविवार तक कई घर नदी की चपेट में आ सकते हैं। फिलहाल लोगों ने अपने जरूरी सामानों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाना शुरू कर दिया है।

केवल बनारपुर ही नहीं, रोहनिभान, डिहरी, रामपुर और सिकरौल जैसे अन्य निचले इलाकों में भी बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है। इन क्षेत्रों के खेतों में लगी धान की फसलें जलमग्न हो गई हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। इससे ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि अभी धान की फसल में मुख्य देखभाल का समय चल रहा है।स्थानीय प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। प्रभारी अंचलाधिकारी उद्धव मिश्र ने बताया कि कर्मनाशा नदी के जलस्तर की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि ह्लस्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन तैयार है और जरूरत पड़ने पर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।कर्मनाशा का जल स्तर बढ़ने से गांवों में अफरा-तफरी की स्थिति बनी हुई है, जबकि कुछ स्थानों पर लोग सामूहिक रूप से पानी रोकने के प्रयास भी कर रहे हैं। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों की टीम प्रतिदिन दौरे पर निकल रही है ताकि समय रहते हालात पर काबू पाया जा सके। ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासनिक सहायता जल्द मिले, जिससे नुकसान को कम किया जा सके।

## सिमरी व ब्रह्मपुर के दियारा इलाके भी जलमग्न

इधर गंगा का जल स्तर बढ़ने से सिमरी व ब्रह्मपुर प्रखंडों के दियारे इलाके के खेत जलमग्न हो गए है। फसले पानी में डूब गई है। जिससे उनके नष्ट होने का खतरा बना हुआ है। सिमरी प्रखंड के गंगौली-जनेश्वर मिश्र सेतु मार्ग पर बाढ़ का पानी चढ़ने के बाद प्रशासन द्वारा निगरानी तेज कर दी गई है। शुक्रवार को ही यहां बैरिकेडिंग करा आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया था तथा एहतियात के तौर पर गोताखोर व नाव की व्यवस्था कराई गई है। शनिवार को सिमरी सीओ भगवती शंकर पांडेय ने इस जगह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रार्मीणों को सतर्क रहने की सलाह दी और बताया कि बाढ़ की चुनौती से निपटने के लिए अंचल प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। वहीं, दूसरी तरफ ब्रह्मपुर प्रखंड के दियारा इलाके में गंगा का पानी तेजी से फैल रहा है। अबतक सैकड़ो एकड़ में लगी मक्के की फसल पानी में डूबी है। स्थानीय गांव निवासी व पूर्व विधायक डॉ. स्वामीनाथ तिवारी अपने 14 सूत्री मांगों के समर्थन में धरना दे रहे है। वहीं, पानी बढ़ने के साथ ही तटवर्तीय इलाके के लोगों की चिंता बढ़ने लगी है।

### श्रद्धा, संस्कृति और समरसता का संगम मां काली का वार्षिक पूजनोत्सव

# वैदिक मंत्रोच्चार व जयकारे के बीच पुराना भोजपुर मां काली मंदिर का वार्षिक पूजनोत्सव संपन्न

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पुराना भोजपुर गांव में शनिवार को मां काली मंदिर का वार्षिक पूजनोत्सव परंपरागत उल्लास व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। इस आयोजन ने आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक उत्सव का अनुपम संगम प्रस्तुत किया। इस भव्य आयोजन में न केवल गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, बल्कि आसपास के इलाकों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूजा-अर्चना, खप्पर यात्रा, ढोल-नगाड़ों की गूंज, मेला और भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मां काली के वार्षिके पूजनोत्सव से गांव का माहौल भक्तिमय बना रहा।





पूजनोत्सव का शुभारंभ पारंपरिक वैदिक विधियों के साथ मंदिर के पुजारी अनीश पाठक और तेजनारायण ओझा ने किया। मां काली को विशेष अंगवस्त्र अर्पित किए गए और उन्हें भोग लगाकर महाआरती संपन्न की गई। सैकड़ों ग्रामीणों ने उपवास रखकर मां की आराधना की और सुख-समृद्धि की कामना की। इस धार्मिक आयोजन की खास परंपरा खप्पर यात्रा रही, जो मां काली की शक्ति और गांव की शांति की प्रतीक मानी जाती है। इस यात्रा का नेतृत्व रमाकांत चौधरी और बीरबहादुर सिंह ने किया। यात्रा में युवाओं ने भगवा वस्त्र धारण कर जोश और उमंग से भाग लिया। महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं, वहीं बच्चे भी पूरे उल्लास के साथ यात्रा में सम्मिलित थे। जयकारों और ढोल-नगाड़ों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। पूजा के साथ गांव में मेला भी लगा, जिसमें मिठाई की दुकानों, चरखों, झूलों और अन्य मनोरंजक गतिविधियों ने लोगों को आकर्षित किया। हर घर में पकवानों की खुशबू फैल रही थी और महिलाएं पूरे दिन पूजा-पाठ में लगी रहीं। मां को पारंपरिक छाक अर्पण करने की परंपरा का भी विशेष महत्व रहा। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही। नया भोजपुर थाना की ओर से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे विधि-व्यवस्था में कोई बाधा न आए। मंदिर समिति और प्रशासन की सजगता के कारण आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रहा।

श्रद्धालुओं के लिए मंदिर समिति ने पेयजल, बैठने और प्रसाद वितरण की उत्तम व्यवस्था की थी। श्रद्धालुओं का कहना था कि मां काली का यह पूजनोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि गांव की सांस्कृतिक आत्मा है। यह कार्यक्रम सामाजिक एकता और समरसता को भी मजबूती देता है। गांव के बुजुर्गों के अनुसार, यह पूजनोत्सव पीढ़ियों से इसी परंपरा में होता आ रहा है और हर वर्ष इसमें श्रद्धा और सहभागिता का स्तर और अधिक बढ़ता जा रहा है। युवाओं ने इस बार भी आयोजन की तैयारी और संचालन में अहम भूमिका निभाई।

मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि मां काली का यह मंदिर गांव का सबसे प्राचीन और पूजनीय स्थल है। ग्रामीण इसे अपनी रक्षक देवी मानते हैं और हर शुभ कार्य की शुरूआत यहीं से करते हैं। यही वजह है कि यह आयोजन न केवल भक्ति का प्रतीक है, बल्कि गांव की धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहर का भी हिस्सा बन चुका है।

## चार जलमीनारों के साथ नगर में जलापूर्ति के बिछाए गए भूमिगत पाइपों की होगी देखभाल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर की जलापूर्ति की जिम्मेवारी अब नगर परिषद संभालेगा। पीएचइडी विभाग ने नप को अपनी सारी जिम्मेवारी को हैंडओवर कर दिया है। हैंडओवर की चर्चा तीन माह से चली आ रही थी, विभाग ने नप के अधिकारियों से संपर्क भी साधा था, लेकिन पीएचईडी के अभियंताओं को नप ने यह कहकर हैंडओवर नहीं लिया की सारे सिस्टम जबतक सही नहीं करके दिया जाएगा। मालूम हो कि नगर में पीएचईडी के सारे कार्य जैसे-तैसे चल रहे थे। नगर में बिछाए गए भूमिगत पाइप दर्जनों स्थानों पर लीकेट है या टूटा हुआ है, जिससे हजारो लीटर पानी प्रतिदिन बर्बाद होता है। मालूम हो कि नगर में चार जलमीनार मौजूद हैं, लेकिन जलापूर्ति केवल दो ही जलमीनार से होता है। शहर में जलापूर्ति के लिये भूमिगत पाइपों का जाल बिछा हुआ है। जलापूर्ति के लिये भूमिगत पाइपों को शहर में बने जलमीनारों से जोड़ा गया है। मालूम हो कि नगर में चार जलमीनार नगरवासियों को जलापूर्ति करने के लिये स्थापित किये गए है। इन चार जलमीनारों में पुराना भोजपुर व प्रखंड कार्यालय में स्थित जलमीनार से पानी की जलापूर्ति नहीं हो पाती है। नगर के हर मोहल्ला और गली में जलापूर्ति के लिये बिछाए गए पाइप से घरेलू कनेक्शन हजारों घरों में दिये गए है। वर्तमान स्थिति ऐसी है कि अधिकांश मोहल्लों में पाइप और नल गायब हैं। इतना ही नहीं कई जगहों पर तो टूटे पाइप से हजारों लीटर पानी प्रतिदिन बर्बाद होता है। पीएचईडी विभाग द्वारा कभी इस पर संज्ञान नहीं लिया गया, लिहाजा स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। हैंडओवर लेने के बाद नप को नगरवासियों को जलमीनार का पानी पिलाने के लिये सबसे पहले भूमिगत पाइप को ठीक करना होगा, फिर जगह-जगह रोड और गलियों में जो नल लगाए गए है, उसे दुरूस्त करना होगा। इसके लिये नप को अलग से ऑपरेटर और मिस्त्री को रखना पड़ेगा। बहरहाल आगे जो भी हो, लेकिन नप के हैंडओवर लिये जाने के बाद नगरवासियों में यह उम्मीद जगी है कि लोगों पीने का शुद्ध पानी मिलेगा।

# विद्यालय में छात्र से मारपीट मामला तूल पकड़ा, परिजनों ने सड़क जाम कर किया हंगामा





**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के चौसा प्रखंड स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय सिकरौल में दसवीं कक्षा के छात्र से हुई मारपीट की घटना ने शनिवार को बड़ा रूप ले लिया। घायल छात्र अभिषेक कुमार के परिजन और स्थानीय ग्रामीण इस घटना से इतने आक्रोशित हो गए कि उन्होंने विद्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और बक्सर-मोहनिया मुख्य मार्ग को घंटों तक जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने विद्यालय प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए दो शिक्षकों की बर्खास्तगी की मांग की।

मामला शुक्रवार का है जब सिकरौल विद्यालय में पढ़ाई के दौरान दसवीं कक्षा के छात्र अभिषेक कुमार के साथ उसके ही सहपाठी हरिओम कुमार ने मारपीट की। पीड़ित छात्र अभिषेक, जो जलीलपुर गांव निवासी स्व. शिवशंकर राजभर का पुत्र है, का आरोप है कि गुरुवार को रास्ते में साइकिल की मामूली टक्कर को लेकर दोनों छात्रों के बीच कहासुनी हुई थी। अगले दिन शुक्रवार को स्कूल में जब उसने इस विवाद की जानकारी शिक्षकों को दी, तो इसे नजरअंदाज कर दिया गया। दोपहर के लंच ब्रेक में हरिओम ने अचानक हमला कर दिया और अभिषेक को इस कदर पीटा कि वह बेहोश हो गया।

सबसे गंभीर आरोप विद्यालय प्रशासन पर यह लगाया गया है कि घायल छात्र की स्थिति गंभीर होने के बावजूद न तो उसे प्राथमिक उपचार के लिए न तो अस्पताल ले जाया गया और न ही उसके परिजनों को इसकी सूचना दी गई। इसके विरोध में शनिवार की सुबह अभिषेक की मां उर्मिला कुंवर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण स्कूल पहुंच गए। उन्होंने न सिर्फ जमकर हंगामा किया बल्कि विद्यालय प्रशासन पर छात्र की जान से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। मौके की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस को सूचना दी गई। प्रभारी थाना अध्यक्ष रौशन कुमार दल-बल के साथ विद्यालय पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर सड़क से जाम हटवाया। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनी और माहौल को शांत किया। वहीं, विद्यालय प्रशासन ने अपने बचाव में कहा है कि मारपीट करने वाला छात्र विद्यालय की चारदीवारी फांदकर अंदर आया था और घटना के तुरंत बाद इसकी सूचना थाने के साथ-साथ संबंधित परिजनों को भी दी गई थी। उन्होंने दावा किया कि स्कूल की तरफ से कोई लापरवाही नहीं बरती गई। हालांकि इस बयान से परिजन और ग्रामीण संतुष्ट नहीं दिखे।

फिलहाल घायल छात्र का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद विद्यालय परिसर में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है और अभिभावकों से संयम बरतने की अपील की गई है।

इस घटना ने विद्यालयों में छात्रों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभिभावकों का कहना है कि जब स्कूल के भीतर छात्र सुरक्षित नहीं हैं, तो प्रशासन की क्या भूमिका रह जाती है? उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

इस बीच, स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी मामले में संज्ञान लेने की बात कही है। अब देखना यह है कि इस संवेदनशील घटना पर जिला प्रशासन क्या कार्रवाई करता है और विद्यालय की जवाबदेही किस हद तक तय की जाती है।

### फैंसी और जड़ी राखियों की बढ़ी मांग, 9 अगस्त को मनाया जाएगा रक्षाबंधन का त्योहार

# डुमरांव में रक्षाबंधन की धूम, बाजारों में रंग-बिरंगी राखियों की बहार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

रक्षाबंधन का पावन पर्व 9 अगस्त को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। भाई-बहन के प्रेम और स्नेह के प्रतीक इस पर्व को लेकर डुमरांव समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में राखियों की खरीदारी शुरू हो चुकी है और दुकानों पर महिलाओं व बच्चों की भीड़ उमड़ रही है।

डुमरांव के प्रमुख बाजारों में इस बार दिल्ली और कोलकात्ता से मंगाई गई करीब 30 लाख रुपये की रंग-बिरंगी और फैशनेबल राखियां ग्राहकों को खूब लुभा रही हैं। गोला रोड, मंडी रोड और अन्य व्यावसायिक इलाकों में दुकानदारों ने





एक से बढ़कर एक आकर्षक राखियों की सजावट कर रखी है। कारोबारी विजय साह करीमन, आदित्य राज, छोटू जायसवाल और राजकुमार के अनुसार इस बार फैंसी और जड़ी वाली महंगी राखियों की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है।

बाजार में 10 रुपये से लेकर 300 रुपये तक की राखियां उपलब्ध हैं, जबकि चांदी और सोने की राखियों की कीमतें 500 रुपये या उससे अधिक तक हैं। बच्चों के लिए मोटू-पतलू, डोरेमॉन, टेडीबियर और छोटा भीम जैसे कार्टून कैरेक्टर वाली राखियों की डिमांड बहुत ज्यादा है। वहीं महिलाएं नगों से सजी और पारंपरिक डिजाइनों वाली राखियों को प्राथमिकता दे रही हैं।

आचार्य पं. विंध्याचल ओझा के अनुसार, इस वर्ष रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त 9 अगस्त को दोपहर 1.30 बजे तक है। 8 अगस्त की रात 1.31 बजे के बाद भाद्रा समाप्त हो जाएगी, जिसके बाद से राखी बांधने का कार्य आरंभ किया जा सकेगा। इस दौरान बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुखमय जीवन की कामना करेंगी और भाई बहनों को जीवनभर रक्षा का वचन देंगे। त्योहारी उमंग के बीच डुमरांव का बाजार पूरी तरह से राखीमय हो गया है, जहां पारंपरिकता और आधुनिकता का सुंदर संगम देखा जा रहा है।

## फसल को कीटों से बचाने के लिए किसानों के बीच वितरित की गई दवा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कृषि विभाग किसानों में बीज वितरण के बाद अब फसलों के बचाव के लिये कीट नाशक दवाओं का वितरण शुरू कर दिया गया है। किसान समन्वयक राजीव कुमार ने बताया की किसानों के बीच चार तरफ की दवाओं का वितरण किया जा रहा है, जिसमें एक दवा खाद दवा है, जो काफी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने बताया की किसानो को कितने हेक्टेकयर में कितनी दवाओं का छिड़काव किया जाएगा, इसकी जानकारी दी गई।

## नवानगर के एथेनॉल कंपनी में जीएसटी का छापा, मचा हड़कंप

**डुमरांव।** अनुमंडल के नवानगर प्रखंड के विशेष आर्थिक क्षेत्र ( सेज ) स्थित इथेनॉल कंपनी में शनिवार को जीएसटी का छापा पड़ा है। छापेमारी की यह करवाई जीएसटी कमिश्नर (आईबी ) के निर्देश पर 17 सदस्यीय टीम द्वारा किया गया है। छापेमारी का नेतृत्व राज्य कर संयुक्त आयुक्त तेज कांत झा कर रहे हैं। इस दौरान टीम द्वारा कंपनी के कागजातों को खंगाला जा रहा है तथा कर चोरी के मामले की जांच की जा रही है। हालांकि, इस संबंध में अधिकारी अभी कुछ बताने से परहेज कर रहे हैं। राज्य कर संयुक्त आयुक्त तेज कांत झा ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि, इस संबंध में उन्होंने विशेष जानकारी देने से इनकार कर दिया है। छापेमारी की इस कार्रवाई के बाद कंपनी के कर्मियों के बीच हड़कंप मच गया है। वहीं, लोगों में कई तरह की चचाएं हो रही है। गौर तलब हो कि पिछले वर्ष राज्य के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र ने नवानगर सेज क्षेत्र में इस औद्योगिक प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया था। कंपनी के निदेशक अजय कुमार सिंह ने कहा कि यह जीएसटी का छापेमारी नही है। यह रेगुलर विजिट जांच है। राज्य के बाहर हमारे प्रोडक्टस जा रहे है। इसलिए यह जांच हो रही है।

# डुमरांव की नन्ही मैथ वंडर शानवी ने रचा इतिहास, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम

- दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली शानवी ने 12 वीं कक्षा तक के गणित के 300 सूत्रों को बिना रूके सुना रचा इतिहास, इंटरनेशनल वंडर गर्ल की मिली ख्याति




**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव की सरजमीं से निकली सात वर्षीय शानवी श्रीवास्तव ने ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है, जो न केवल स्थानीय क्षेत्र बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय बन गया है। दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली इस बालिका ने 12वीं कक्षा तक के 300 जटिल गणितीय सूत्रों को मात्र 30 मिनट में, बिना रुके और शुद्ध उच्चारण के साथ बोलकर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा लिया। इस अद्वितीय उपलब्धि ने शानवी को इंटरनेशनल वंडर गर्ल की ख्याति दिला दी है।

शानवी की उपलब्धि में सबसे खास बात यह है कि उन्होंने यह कारनामा महज दो महीनों की तैयारी में कर दिखाया। सूत्रों में अंकगणित, बीजगणित, त्रिकोणमिति, कलन, ज्यामिति और सांख्यिकी जैसे कठिन विषयों की गूढ़ संकल्पनाएं शामिल थीं, जिन्हें आमतौर पर बड़े-बड़े छात्रों को याद करने में वर्षों लग जाते हैं।बेंगलुरु के श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में अध्ययनरत शानवी मूलतः डुमरांव के लालाटोली रोड की निवासी हैं। उनके पिता संजय श्रीवास्तव भारतीय वायुसेना के पूर्व जूनियर कमीशंड अधिकारी हैं और वर्तमान में संचार मंत्रालय में पदस्थापित हैं। शानवी की मां ने उसकी पढ़ाई को कभी बोझ नहीं बनने दिया। उन्होंने खेल-खेल में पढ़ाई कराने की अनूठी शैली अपनाई। कहानियों, गीतों और रोचक गतिविधियों के माध्यम से गणित को सहज और रोचक बनाया गया, जिससे शानवी की विषय में रुचि गहराती गई। परिवार में प्रेरणा की कमी नहीं है। शानवी के बड़े भाई श्रेयस श्रीवास्तव ने वर्ष 2024 में दसवीं की सीबीएसई परीक्षा में बैंगलुरु के विद्यारण्यपुरा क्षेत्र में टॉप किया था, जिसके लिए उन्हें कर्नाटक सरकार के राजस्व मंत्री कृष्ण बायर गौड़ा द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस पूरे परिवार में मेहनत, अनुशासन और रचनात्मकता की एक स्पष्ट झलक मिलती है, जो बच्चों को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करती है।

शानवी अब गणित और विज्ञान के क्षेत्र में गहन अध्ययन करना चाहती हैं। उनका सपना है कि वे एक वैज्ञानिक और गणितज्ञ बनकर भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय पटल पर रोशन करें। उनकी यह शुरूआत बताती है कि वह केवल एक रिकॉर्ड धारक नहीं, बल्कि भविष्य की एक चमकदार प्रतिभा हैं।

शानवी की सफलता न केवल बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत है, बल्कि माता-पिता, शिक्षकों और नीति निमार्ताओं को यह सोचने के लिए भी मजबूर करती है कि शिक्षा को बोझ नहीं, बल्कि आनंद का माध्यम कैसे बनाया जाए। यदि बच्चों की जिज्ञासा और रुझान को सही समय पर पहचाना जाए और उन्हें अनुकूल वातावरण दिया जाए, तो वे हर चुनौती को पार कर सकते हैं।

डुमरांव की यह बेटी अब देश की शान बन चुकी है। उसका यह अद्वितीय कीर्तिमान सिर्फ एक व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि यह दिखाता है कि भारत के छोटे शहरों और कस्बों में भी असाधारण प्रतिभाएं छिपी हुई हैं, जिन्हें बस पहचान और प्रोत्साहन की जरूरत है।

# अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़, पुलिस की बड़ी सफलता, छह शातिर अपराधी गिरफ्तार



- गिरफ्तार अपराधियों की गैंगस्टर चंदन मिश्र गैंग से जुड़ाव की जताई जा रही है आशंका
- तस्करों का मिला मुंगेर कनेक्शन, भारी मात्रा में अवैध असलहे, कारतूस व हथियार निर्माण उपकरण बरामद

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले की औद्योगिक थाना पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दलसागर गांव में संचालित अवैध मिनी गन फैक्ट्री का पदार्फाश किया है। इस छापेमारी में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक फरार आरोपी की तलाश जारी है। मौके से देसी पिस्टल, जिंदा कारतूस और हथियार निर्माण में प्रयुक्त अत्याधुनिक उपकरण बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई जिले में सक्रिय अंतरराज्यीय हथियार तस्करों के नेटवर्क पर बड़ी चोट मानी जा रही है। इस पूरे मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक (एसपी) शुभम आर्य ने शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि औद्योगिक थाना क्षेत्र के दलसागर गांव में स्थित दिनेश यादव के मकान में अवैध हथियार निर्माण की गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना की पुष्टि के बाद सदर एसडीपीओ गौरव पांडेय के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम ( एसआईटी ) का गठन किया गया। शनिवार सुबह जब टीम ने मकान पर छापेमारी की, तो वहां मिनी गन फैक्ट्री के रूप में अवैध गतिविधियां संचालित पाई गईं।

**छापेमारी में मिले चौंकाने वाले सुराग**

छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन देसी पिस्टल, 18 जिंदा कारतूस, चार मोटरसाइकिल, छह एंड्रॉयड मोबाइल फोन और हथियार निर्माण में प्रयुक्त कई उपकरण जब्त किए हैं। इनमें हैडवाइस, छेनी, स्क्रू, गुना काटने की मशीन, मैग्जीन, फाइल, लोहे की प्लेट, पेचकश, वर्मा टूल्स सहित अन्य सामग्री शामिल है। बरामद सामग्री यह संकेत देती है कि यह फैक्ट्री कई दिनों से सक्रिय थी और यहां बड़े पैमाने पर हथियारों का निर्माण किया जा रहा था।

## गिरफ्तार आरोपियों गैंगस्टर चंदन मिश्र का शागिर्द भी शामिल

इस कार्रवाई में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों में औद्योगिक थाना क्षेत्र के दलसागर गांव निवासी संदीप यादव, बेलाउर गांव निवासी अनूप पासवान, दयानंद यादव, मझरिया गांव निवासी दुर्गेश उपाध्याय, मुंगेर के मिजार्पुर गांव निवासी राजेश कुमार तथा मुंगेर चंदन बाग निवासी सुनील पोद्दार शामिल है। इनमें दुर्गेश उपाध्याय का गैंगस्टर चंदन मिश्र से सीधा जुड़ाव रहा है। जिस वक्त पटना के पारस अस्पताल में चंदन मिश्र की गोली मार हत्या की गई थी, उस समय दुर्गेश उसके साथ मौजूद था।पुलिस सूत्रों के अनुसार, इन सभी के खिलाफ पूर्व में भी आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। वहीं, एक अन्य आरोपी फरार हो गया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## चंदन मिश्र गैंग से कनेक्शन की आशंका

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया है कि एक अगस्त से इस अवैध गन फैक्ट्री में हथियारों का निर्माण शुरू किया गया था। पूछताछ के दौरान यह भी संकेत मिले हैं कि इस फैक्ट्री में बनाए जा रहे हथियार चंदन मिश्रा गैंग के लिए बनाए जा रहे थे। माना जा रहा है कि इन हथियारों का इस्तेमाल आगामी किसी प्रतिशोधात्मक वारदात में किया जा सकता था।

## पुलिस की विशेष टीम ने निभाई अहम भूमिका

इस ऑपरेशन को सफल बनाने में औद्योगिक थाना प्रभारी संजय कुमार, डीआईयू टीम बक्सर, महिला सब-इंस्पेक्टर मधु, सब-इंस्पेक्टर सुनील कुमार सहित कई अन्य अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक ने टीम को तत्परता और साहसिक कार्यवाही के लिए बधाई दी है।

## पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी पुलिस

फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की तह तक जाने के लिए तकनीकी अनुसंधान और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। इस मामले को लेकर अब कई जिलों में संभावित लिंक खंगाले जा रहे हैं। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ से कई अन्य बड़े हथियार तस्करों और गिरोहों का पदार्फाश हो सकता है। यह कार्रवाई जिले में अवैध हथियारों की तस्करी पर लगाम लगाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज में शांति और कानून-व्यवस्था बनी रहे।

# केसठ सोनवर्षा रोड निर्माण में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों ने रुकवाया काम

- राजद नेता पप्पू यादव व केसठ पंचायत के मुखिया गामा यादव कर रहे थे नेतृत्व



**केटी न्यूज/केसठ**

बीते कई सालों से केसठ सोनवर्षा रोड अपनी स्थिति पर रो रहा था। कई सालों बाद जब यह सड़क बना शुरू हुआ तो लोगों में खुशी का माहौल व्यापक हो गया, लेकिन लोगों में आक्रोश तब बढ़ गया जब उक्त सड़क पर भारी अनियमिता के साथ काम किया जा रहा था। यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग 319 से जुड़ती है और केसठ, सोनवर्षा, नावानगर सहित कई पंचायतों के हजारों लोगों के लिए डुमरांव अनुमंडल और बक्सर जिला मुख्यालय तक पहुंचने का एकमात्र सुलभ मार्ग है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क निर्माण का ठेका एक स्थानीय ठेकेदार को दिया गया है। ठेकेदार ने शुरू में जेसीबी से खुदाई कर ग्रेड एक हटाकर समतलीकरण किया गया, जिससे लोगों को उम्मीद जगी कि यह कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से होगा, लेकिन कुछ ही समय में ठेकेदार द्वारा मोरंग की जगह मिट्टी का उपयोग किए जाने की बात सामने आने लगी, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा मानक के विरुद्ध कार्य किया जा रहा है। मोरंग व समुचित निर्माण सामग्री की जगह मिट्टी का प्रयोग हो रहा है, जिससे सड़क जल्द ही जर्जर हो जाएगी। इससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा, वहीं दुर्घटनाओं और आपातकालीन सेवाओं में बाधा की भी आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि मिट्टी से बनी यह सड़क जल्द ही खराब हो जाएगी, जिससे गड्ढे, धूल और आवागमन में परेशानियाँ बढ़ेंगी। साथ ही, एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाओं में बाधा पहुंचने की आशंका भी जताई जा रही है। ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय मुखिया ने कई बार ठेकेदार से अनुरोध किया कि वह स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार कार्य करे, लेकिन कोई ठोस सुधार नहीं हुआ। शिकायतों और बैठकों के बावजूद अनियमित कार्य चला रहा।

जब लोगों ने इसकी शिकायत स्थानीय राजद के वरिष्ठ नेता सह डुमरांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुनील कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव और पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान से किया तब दोनों मौके पर पहुंचे और स्वयं निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। दोनों नेताओं ने कार्य में हो रही अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल घटिया कार्य रुकवाया और प्रशासन से जांच व कार्रवाई की मांग की। पप्पू यादव ने जिलाधिकारी और कार्यपालक अभियंता से आग्रह किया है कि गुणवत्तापूर्ण सामग्री से ही सड़क निर्माण कराया जाए, जिससे यह सड़क वर्षों तक चल सके और क्षेत्र का समुचित विकास सुनिश्चित हो। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जन आंदोलन करने को बाध्य होंगे। राजद नेता के इस पहल तथा घटिया निर्माण कार्य रूकने से ग्रामीणों का आक्रोश शांत हो गया।

# रेंका गांव से चार किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

- गुप्त सूचना पर सिकरौल पुलिस ने की छापेमारी, आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में दर्ज कराया गया एफआईआर

**केटी न्यूज/नावानगर**

आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर विधि-व्यवस्था चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से बक्सर पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य के निर्देश पर सिकरौल थाना की पुलिस ने शनिवार को रेंका गांव में बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने छापेमारी कर चार किलो गांजा बरामद किया है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष रिकेश कुमार के नेतृत्व में एवं नावानगर के अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी की देखरेख में की गई। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रेंका गांव में एक व्यक्ति गांजा की तस्करी कर रहा है। सूचना के आधार पर तत्क्षण कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मौके से रेंका गांव निवासी छोटक साह को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से चार किलो गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तारी के बाद तस्कर को थाना लाया गया, जहां पूछताछ के बाद उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष रिकेश कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को पूर्व से ही सूचना मिल रही थी कि क्षेत्र में गांजा तस्करी की गतिविधि चल रही है।

# बक्सर में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

- डीएम ने मृत मतदाताओं की पहचान और दावा-आपत्ति के निस्तारण पर दिया जोर



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर अनुमंडल कार्यालय में शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. विद्यानंद सिंह की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के अंतर्गत मतदाता सूची की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता गणना प्रपत्रों के अपलोडिंग के पश्चात प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची पर आधारित दावा-आपत्ति प्रक्रिया की प्रगति और गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजरों से गहन परीक्षण के आधार पर अद्यतन मतदाता आंकड़ों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि नवीनतम सूची के अनुसार कुल 2,80,028 मतदाता पंजीकृत हैं, जिसमें लगभग 2.2 प्रतिशत मृत मतदाताओं की पहचान की गई है। इस पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि ईआरओ और एईआरओ मृत मतदाताओं के नामों को हटाने से पहले भौतिक सत्यापन अवश्य करें। उनका स्पष्ट निर्देश था कि जीवित व्यक्तियों का नाम गलती से मतदाता सूची से न हटे।

डॉ. सिंह ने कहा कि यदि किसी मतदाता का नाम भूलवश प्रारूप प्रकाशन में शामिल नहीं हो पाया है, तो वे प्रखंड कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय या विशेष रूप से आयोजित कैंपों में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। सही पाए जाने पर उनका नाम मतदाता सूची में पुनः जोड़ा जाएगा। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और नगरपालिका अधिकारियों को निदेश दिया कि वे विशेष कैंप आयोजित कर दावा-आपत्ति प्रक्रिया का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करें।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर, भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों से समयबद्ध और निष्पक्ष कार्य प्रणाली अपनाने की अपील की ताकि आगामी चुनाव के लिए एक अद्यतन, त्रुटिरहित और विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार की जा सके।

यह बैठक मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने की दिशा में प्रशासन की प्रतिबद्धता को दशार्ती है और यह भी सुनिश्चित करती है कि हर योग्य मतदाता को मतदान का अधिकार प्राप्त हो सके।

## एक नजर

### मतदाता सूची में आपत्ति दर्ज कराने हेतु केसठ में विशेष कैंप आयोजित

**केसठ** । प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप का उद्देश्य मतदाता सूची में नाम, पता या अन्य विवरण में त्रुटि होने पर आम मतदाताओं को आपत्ति दर्ज कराने की सुविधा देना है।बीडीओ लवकुश सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 अगस्त को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया गया है। यदि किसी मतदाता को सूची में अपने नाम को लेकर कोई त्रुटि या आपत्ति है, तो वे इस कैंप के माध्यम से या अपने क्षेत्रीय बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे जागरूक होकर समय रहते सुधार कार्य करवा लें, ताकि आगामी चुनाव में किसी प्रकार की परेशानी न हो।कैंप में बीएलओ, विकास मित्र, सुपरवाइजर आदि की उपस्थिति दर्ज रही।

### 17.5 लीटर देशी महुआ शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मनहथा गांव में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 17.5 लीटर देशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसे शनिवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान मनहथा निवासी केश्वर यादव के रूप में हुई है, जो लंबे समय से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वह अपने घर के पास ही शराब बेच रहा है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर उसे रंगेहाथ पकड़ा। तलाशी में उसके पास से 17.5 लीटर शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दी गई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि मधनिषेध कानून का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। गांव में इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया है और ग्रामीणों ने पुलिस की सराहना की है। थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है।

### सिमरी बाजार में सड़क किनारे सजती हैं दुकानें, लगता है जाम

**डुमरांव।** अनुमंडल के सिमरी बाजार पूरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में है। इसके चलते हर किसी को जाम सहित विभिन्न परेशानियों से जूझना पड़ता है। बाजार की हालत ऐसी है कि यदि दोपहर से लेकर शाम तक यदि बड़े वाहनों को बाजार से होकर गुजरना होता है तो जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए लोगों ने कई बार प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। सड़क के दोनों किनारे सब्जी व फल बेचने वाले दुकानदारों द्वारा ठेला लगाने से सड़क काफी संकरी हो जाती है, जबकि दियारा इलाके के साथ ही आसपास के गांवों में आने जाने की महत्वपूर्ण सड़क होने के चलते वाहनों का आवाजाही जारी रहती है। बाजार में जाम की समस्या कभी कभार इतनी गंभीर हो जाती है। कई बार वाहन खड़ा करने को लेकर फुटपाथी दुकानदारों व वाहन मालिक के बीच झड़प तक हो जाती है।







# प्रखंड के जीविका द्वारा एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन




**केटी न्यूज/रोहतास**

प्रखंड के जीविका द्वारा एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन शनिवार को गोड़ारी खेल स्टेडियम में जिला पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के तत्वाधान में आयोजित की गई . मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन सेवा के डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी वाहन के साथ शिविर में रहे .शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल को लेकर पशुपालकों को जागरूक करना था . शिविर में स्थानीय पशुपालकों द्वारा गाय, भैंस, बकरी, भेड़, गधा, घोड़ा जैसे विभिन्न प्रकार के पशुओं की जांचके साथ उपचार किया गया . पशु विशेषज्ञ (टी. भी.ओ.) डॉ. जय किसन कुमार ने बताया कि पशुओं के उपचार हेतु प्रमुख दवाएं व उपचार सामग्री भी उपलब्ध करवाई जा रही है .दवाओं में नेवलोंन पशु के पेचिश में फेंबेडाजोल, कृमिनाशक में रुचा मेक्स, भूख न लगने की स्थिति में बेटाडिन, बंध्याकरण या घाव के इलाज में अग्रमीण फोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है .तकनीकी सहयोग शिविर में आगा खान फाउंडेशन की ओर से दीक्षा, सविता व टीम ने सहयोग प्रदान किया . जागरण ग्राम संगठन की पशु सखी उषा देवी ने पशुपालकों को बताया कि क्षेत्र में जुगाली करने वाले पशुओं में विशेषकर गाय, भैंस, बकरी आदि में अफरा, खुरपक्का, मुंहपक्का, और ईटी जैसी बीमारियां आम हैं. इलाज हेतु नियमित रूप से इंजेक्शन एवं अन्य दवाएं दी जा रही हैं. गंभीर स्थिति में तुरंत संबंधित चिकित्सकों से संपर्क किया जा सकता है. बताया कि ग्रामीण महिलाएं अब स्व-रोजगार के तहत खुद का बकरी पालन फार्म चला रही हैं. बंध्याकरण व नियमित इलाज की जिम्मेदारी पशु सखी द्वारा निभाई जाती है. शिविर में दवाओं का मुफ्त वितरण सह रजिस्ट्रेशन फीस पांच रुपये ली गई. पशुपालकों को दवा वितरण किया गया . पशुपालन दीदियों को मुफ्त दावा का वितरण, उपचार, रख रखाव एवं बीमारी से बचाव हेतु जागरूक किया गया. शिविर में जिला से पशुधन प्रबंधक सौरभ कुमार, कम्युनिकेशन प्रबंधक रविकांत, प्रखंड परियोजना प्रबंधक काराकाट आशा कुमारी, नोडल मधुबाला कुमारी, छाया कुमारी व अन्य थे .

### कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाराणसी उत्तर प्रदेश से किया गया

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं किस्त के राष्ट्रीय स्तर पर सीधा प्रसारण



**केटी न्यूज/रोहतास**

कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज में पीएम-किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं किस्त के राष्ट्रीय स्तर पर सीधा प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाराणसी उत्तर प्रदेश से किया गया,जिसे देशभर के लाखों किसानों ने लाइव देखा। इस अवसर पर जिले के सैकड़ों किसानों,पंचायत प्रतिनिधियों,वैज्ञानिकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही । कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से केंद्र प्रभारी डॉ आर के जलज एवं डॉ अरुण कुमार द्वारा की गई । किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई ।प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम-किसान योजना की 20 वीं किस्त के रूप में 20,500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे 9.7 करोड़ किसानों के खातों में स्थानांतरित की । इस किस्त में विशेष ध्यान महिला किसानों पर दिया गया,जिनमें 2.26 करोड़ से अधिक लाभार्थी महिलाएं रहीं ।रोहतास जिले में भी हजारों किसानों को इस किस्त का लाभ मिला,जिससे क्षेत्र में प्रसन्नता और उत्साह का वातावरण रहा । किसानों को बताया गया कि अब तक पीएम-किसान योजना के अंतर्गत ? 3.89 लाख करोड़ की राशि सीधे उनके खातों में डीबीटी के माध्यम से दी जा चुकी है । इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किसानों को मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड, उर्वरक उपयोग की वैज्ञानिक जानकारी, प्राकृतिक खेती,कृषि यंत्रीकरण और कृषि बीमा योजनाओं की जानकारी भी दी गई। किसानों को "किसान-ई-समित्र एआई चैटबॉट के माध्यम से योजनाओं की जानकारी कैसे प्राप्त की जा सकती है,इसका भी प्रदर्शन किया गया। केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने हेतु 2025-26 के लिए बजट ? 1.27 लाख करोड़ किया है,जो 2013-14 के मुकाबले लगभग 5.59 गुना अधिक है। ई-नाम,एफपीओ,कृषि अवसंरचना निधि,पीएम फसल बीमा योजना आदि योजनाएं किसानों की आय में वृद्धि के लिए क्रांतिकारी साबित हो रही हैं। जिले के महिला एवं पुरुष कृषकों में लाल बाबू सिंह, अर्जुन सिंह,धनंजय सिंह,छोटे कुमार निराला,पंकज सिंह, दीपक कुमार, आशा देवी,सुनैना देवी,कृतिका देवी, सुनील कुमार सहित करीब 300 किसान उपस्थित थे। किसानों ने इस पीएम सम्मन निधि योजना की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। किसानों ने बताया कि यह योजना उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद कर रही है और खेती में निरंतरता बनाए रखने में सहायक सिद्ध हो रही है। धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर रतन कुमार द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में केंद्र के अन्य पदाधिकारी प्रवीण पटेल,अभिषेक कौशल,हरेंद्र प्रसाद शर्मा,सुबेश कुमार,राकेश कुमार,नवीन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना मैं हुई मौत

**केटी न्यूज/रोहतास**

सड़क दुर्घटना मैं हुई मौत रोहतास जिले की दरिगांव थाना क्षेत्र के एन एच 2 महारानियाँ के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई ! जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि रोहतास थाना क्षेत्र के गोविंदपुर वार्ड नंबर 9 के निवासी मिरजा राम के 25 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे! तभी एन एच 2 महारानियाँ गांव के समीप ट्रैक्टर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया ! जिससे युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई ! वही ट्रैक्टर भी पलटी मार दिया! इस घटना को देखते ही आसपास के लोग पहुंचे ! जब तक कुछ समझ पाते इतना ही में युवक ने दम तोड़ दिया था! वही ट्रैक्टर चालक मौका देख फरार हो गया ! इस दौरान घटना की सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पहुंचे! जहां एन एच 2 को घंटे देर जाम कर दिया! इस घटना की सूचना तत्काल आसपास के लोगों ने नजदीकी थाना को दिया! इस दौरान दरिगांव थाना अध्यक्ष नितेश कुमार ने अपने दलबत के साथ पहुंच कर जाम हटाया ! और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल के सासाराम भेज दिया ! फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई करने में जुटी हुई है!

## एक नजर

### पुनरनिरीक्षण के बाद किया गया निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशित

**रोहतास ।** विशेष गहन पुनर्निरीक्षण अंतर्गत निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशित किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 अगस्त 2025 से 1 सितंबर 2025 तक का दावा/आपत्ति प्राप्त किय जाने हैं। तथा 30 सितंबर को निर्वाचन सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रोहतास से प्रारूप निर्वाचन सूची तथा ऐसे निर्वाचकों की सूची प्राप्त हुआ और जिनका गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है। जिन्हें 3 अगस्त तक प्रत्येक बूथ पर भाजपा के BLA–2 (बूथ एजेंट) के पास पहुंचा दिया जाएगा। सभी BLA–(बूथ एजेंट) से आग्रह किया कि ऐसे पात्र मतदाता जो निर्वाचक सूची में शामिल नहीं हो सके हैं तथा ऐसे अपात्र मतदाता जो निर्वाचन सूची में दर्ज हैं के विरुद्ध फॉर्म भरकर दावा/आपत्ति संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के समक्ष दायर करना है। नए मतदाता 1 जुलाई 2025 एवं 1 अक्टूबर 2025 के आधार पर निर्वाचक सूची में पंजीकरण हेतु प्रपत्र 6 के माध्यम से ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदक को अपने आवेदन के साथ आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के साथ-साथ घोषणा पत्र भी देना होगा। यदि कोई निर्वाचक प्रपत्रझ8 के माध्यम से बिहार राज्य के अंतर्गत आवास परिवर्तित करते हैं, तो उन्हें फॉर्म के साथ दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक नहीं होगा। ज्ञात हो कि दावा/आपत्ति के अवधि में ऐसे निर्वाचक जिन्होंने अपना गणना प्रपत्र के साथ दस्तावेज संलग्न नहीं किए हैं, उन्हें अपने आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेज स्वयं ऑनलाइन या अपने बीएलओ (BLO) के पास जमा करना है। कोई योग्य मतदाता छूटे नहीं इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए निर्वाचक की सुविधा के लिए प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय एवं नगर निकाय कार्यालय में विशेष कैंप लगाए जाएंगे जो 2 अगस्त 2025 से 1 सितंबर 2025 तक सभी दिन कार्यालय अवधि में कार्यरत रहेंगे।

### एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

**रोहतास।** अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार के द्वारा काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोथा में औचक निरीक्षण किया गया । साथ ही गहन पुनरीक्षण कार्य 2025 के अंतर्गत मतदाता का डॉक्यूमेंट अपलोड की जानकारी ली गई और सभी बीएलओ को तेजी से डॉक्यूमेंट अपलोड करने का निर्देश दिया गया । 2003 के मतदाता जिनका सूची में नाम है,उन्हें तेजी से अपलोड करने का सख्त निर्देश दिया गया । मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट राहुल कुमार सिंह,सुपरवाइजर सह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देवाशिष सिंह,शिक्षक संजय सिंह,सभी बीएलओ एवं बीएलओ सहायक मौजूद रहे।

### गुम हुआ मोबाइल बरामद,वास्तविक धारक को सुपुर्द

**रोहतास ।** काराकाट थाना की पुलिस ने सनहा संख्या 499/23 के आलोक में गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उसके वास्तविक धारक को सौंप दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए काराकाट थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने बताया कि मोबाइल मिलने के बाद सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की गई,जिसके बाद इसे असली मालिक को सुपुर्द कर दिया गया । थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस जनता की गुमशुदा संपत्ति को ढूंढकर लौटाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

### काराकाट पुलिस ने हत्या प्रयास मामले में दो और आरोपितों को भेजा जेल

काराकाट । थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनछुहा से कांड संख्या 391/25 के तहत दर्ज हत्या के प्रयास (मारपीट) के मामले में पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । गिरफ्तार अभियुक्तों में मोहम्मद अलि हुसैन,सलाउद्दीन अंसारी एवं मोहिउद्दीन अंसारी शामिल हैं । इस संबंध में जानकारी देते हुए काराकाट थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने बताया कि तीनों आरोपितों के विरुद्ध हत्या करने का प्रयास का मामला दर्ज था । इस हत्या के प्रयास मामलें में तीन में एक सलाउद्दीन अंसारी कि विगत कल गिरफ्तार कर जेल भेज दी गई थी। संबंधित मामलें के अन्य दो आरोपितों को भी आज गिरफ्तार कर जेल भेज दी गई। दो और आरोपितों में धनछुआ गांव निवासी स्व. खैराती मियां के पुत्र मोहम्मद अलि हुसैन

## प्रखंड कार्यालय परिसर में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु हेल्प डेस्क का हुआ उद्घाटन



**केटी न्यूज/रोहतास**

अकोढी गोला प्रखंड कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत दावा-आपत्ति हेतु हेल्प डेस्क का उद्घाटन डेहरी के अनुमंडल पदाधिकारी निलेश कुमार द्वारा किया गया।इस अवसर पर उन्होंने मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। हेल्प डेस्क दिनांक 02 अगस्त 2025 से 01 सितंबर 2025 तक प्रत्येक दिन (सोमवार से रविवार) सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संचालित होगा।

हेल्प डेस्क पर नागरिक दावा-आपत्ति दर्ज करा सकेंगे तथा नए मतदाता पंजीकरण के लिए फॉर्म जमा कर सकेंगे।इस अवसर पर सभी प्रखंड स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को दावा-आपत्ति प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि यह प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके।

उद्घाटन समारोह में अपर निर्वाचन पदाधिकारी शसंतोष कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रणव कुमार, अंचलाधिकारी निधि ज्योत्सना ,प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि रंजन कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद इमरान आलम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अधिकारियों ने बीएलओ के साथ बैठक कर दिया प्रशिक्षण



**केटी न्यूज/रोहतास**

उप निर्वाचन पदाधिकारी बिक्रमगंज खुशबू कुमारी की अध्यक्षता में काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धनहरा पंचायत के पड़सर गांव में गहन पुनरीक्षण कार्य 2025 के अंतर्गत सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया । मतदाता का डॉक्यूमेंट अपलोड की जानकारी ली गई और सभी बीएलओ को तेजी से डॉक्यूमेंट अपलोड करने का निर्देश दिया गया । 2003 के मतदाता जिनका सूची में नाम है,उन्हें तेजी से अपलोड करने का सख्त निर्देश दिया गया । वही दूसरी ओर काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत अमौना के पंचायत सरकार भवन अमौना में सभी बीएलओ के साथ बैठक करने के बाद वीडियो दिखाकर प्रशिक्षण दिया गया और गहन पुनरीक्षण कार्य 2025 के तहत मतदाता का दस्तावेज अपलोड करने की सारी जानकारियां दी गई । मौके पर बीडीओ राहुल कुमार सिंह, सुपरवाइजर सह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देवाशिष सिंह,ऐनूल हक शिक्षक संजय सिंह एवं अमौना पंचायत के सभी बीएलओ एवं बीएलओ सहायक मौजूद रहे ।

## मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के कार्यान्वयन हेतु मीटर रीडरों के साथ बैठक आयोजित



**केटी न्यूज/रोहतास**

विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज मे शनिवार को एक बैठक आहूत की गयी उक्त बैठक में मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुँचाने पर चर्चा की गई। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के कार्यान्वयन हेतु निम्नलिखित निर्देश दिए गयें। जिसमे क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि हमें 15 अगस्त 2025 तक अधिकतम ऊर्जा बिल जनरेट करने होंगे इसके लिए एमआरयू की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। उक्त जागरूकता कार्यक्रम की सफलता के लिए एमआरसी/आरआरएफ का प्रभावी उपयोग आवश्यक है। मीटर रीडर अगले दिन विद्युत कार्यालय से प्राप्त बिल की हार्ड कॉपी, पैम्फलेट और अन्य निर्देशों के साथ सुबह 6 बजे से 10 बजे तक उपभोक्ता के परिसर में वितरित करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि उपभोक्ता रजिस्टर पर हस्ताक्षर करें। सुबह 10 बजे से एमआरसी स्पॉट बिलिंग का कार्य करेंगे। इसकी निगरानी इस प्रकार की जानी है कि स्पॉट बिलिंग गतिविधि में मीटर रीडर/आरआरएफ की दक्षता सर्वोच्च बनी रहे। आगे बताया गया की पैम्फलेट के साथ ए4 साइज (रंगीन मुद्रित) बिल की हार्ड कॉपी का वितरण करना है। उक्त बैठक मे जेई बिक्रमगंज नवदीप गोयल, जेई दिनारा विकाश कुमार के साथ सभी पंचायत के मीटर रीडर मौजूद आदि मौजूद थे।

### हेल्प डेस्क पर नागरिक दावा-आपत्ति दर्ज करा सकेंगे तथा नए मतदाता पंजीकरण के लिए फॉर्म जमा कर सकेंगे

## प्रखंड कार्यालय में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु हेल्प डेस्क का उद्घाटन



**केटी न्यूज/रोहतास**

अकोढी गोला प्रखंड कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत दावा-आपत्ति हेतु हेल्प डेस्क का उद्घाटन डेहरी के अनुमंडल पदाधिकारी निलेश कुमार द्वारा किया गया।इस अवसर पर उन्होंने मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। हेल्प डेस्क दिनांक 02 अगस्त 2025 से 01 सितंबर 2025 तक प्रत्येक दिन (सोमवार से रविवार) सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संचालित होगा। हेल्प डेस्क पर नागरिक दावा-आपत्ति दर्ज करा सकेंगे तथा नए मतदाता पंजीकरण के लिए फॉर्म जमा कर सकेंगे।इस अवसर पर सभी प्रखंड स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को दावा-आपत्ति प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि यह प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके। उद्घाटन समारोह में अपर निर्वाचन पदाधिकारी शसंतोष कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रणव कुमार, अंचलाधिकारी निधि ज्योत्सना ,प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि रंजन कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद इमरान आलम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लोक शिकायत निवारण के तहत प्राप्त 21 अपील आवेदनों पर जिला पदाधिकारी उदिता सिंह द्वारा की गई सुनवायी



**केटी न्यूज/रोहतास**

लोक शिकायत निवारण के तहत प्राप्त 21 अपील आवेदनों पर जिला पदाधिकारी उदिता सिंह द्वारा सुनवायी की गयी। सुनवायी के दौरान लोक प्राधिकार के रूप में जिला पंचायत राज पदाधिकारी रोहतास, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग सासाराम, अनुमण्डल पदाधिकारी सासाराम, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता सासाराम, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल डिहरी उपस्थित रहे। इस दौरान भूमि सुधार उप समाहर्त्ता बिक्रमगंज अन्य कार्य में व्यस्त रहने के कारण उपस्थित नहीं हुए, जिसके कारण उनसे संबंधित परिवाद पर सुनवायी नहीं की जा सकी। साथ ही नौ अपीलार्थी सुनवायी के क्रम में उपस्थित नहीं हुये जिनके मामले को अगली तिथि निर्धारित करते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि उक्त तिथि पर निश्चित रूप से उपस्थित रहें,अन्यथा लोक प्राधिकार के अनुपालन प्रतिवेदन के आधार पर आपके मामले को निष्पादित कर दिया जायेगा। लोक प्राधिकार द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन के आलोक में सुनवायी की गयी तथा उपस्थित दोनों पक्षों को विस्तार से सुना गया। सुनवायी के दौरान डा० श्रवण कुमार राय, नीरज कुमार, राकेश कुमार, संगती देवी, हंसराज सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह, विनोद कुमार दुबे के शिकायतों का निराकरण करते हुए निष्पादित किया गया। शेष मामले में लोक प्राधिकार को निर्देश दिया गया कि अगली निर्धारित तिथि को अनुपालन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहें। साथ हीं लोक प्राधिकार को परिवादों के निस्तारण हेतु कई निर्देश भी दिये गये।

बिहार में कुल 243 विधानसभा सीटें हैं जिनमें से 24 सीटें सीमांचल क्षेत्र में हैं

# बिहार चुनाव : सीमांचल की वोटर लिस्ट से 7 लाख 62 हजार नाम हटे



**एजेंसी/पटना**

बिहार में निर्वाचन आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन, यानी के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची से कुल 65 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए हैं। इससे राज्य में एनडीए और महागठबंधन के दलों के बीच विवाद शुरू हो गया है। बिहार में कुल 243 विधानसभा सीटें हैं जिनमें से 24 सीटें सीमांचल क्षेत्र में हैं। यह वह क्षेत्र है जो बांग्लादेश और नेपाल से सटा हुआ है। अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार जिलों में फैले इस क्षेत्र में मुस्लिम आबादी ज्यादा है। इन जिलों की वोटर लिस्ट में भी बड़ी संख्या में नाम हटाए गए हैं। सीमांचल की मतदाता सूचियों में से कुल 761914 वोटरों के नाम हटाए गए हैं। इन सीटों पर चुनावों में हमेशा साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण होता है। लिस्ट में नाम हटने का असर यहां के चुनावी नतीजों में देखने को मिल सकता है। चुनाव आयोग ने बिहार के सीमांचल क्षेत्र में मतदाता सूची से बड़ी संख्या में नाम हटा दिए हैं। यह क्षेत्र बांग्लादेश और नेपाल से सटा है। इस क्षेत्र में मुस्लिम आबादी काफी ज्यादा है, इसलिए यहां घुसपैठ की आशंका भी रहती है। अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार जिलों में वोटर लिस्ट से नाम काटे गए हैं। इन जिलों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) और इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इनक्लूसिव अलायंस (INDIA) के बीच चुनावी मुकाबला कड़ा होने के आसार हैं। इन जिलों में चुनाव में सांप्रदायिक आधार पर वोटिंग होती रही है।सीमांचल की लिस्टों से कुल 761914 नाम हटाए गए सीमांचल के चार जिलों में से अररिया में 1,58,072, किशनगंज में 1,45,668, पूर्णिया में 2,73,920 और कटिहार में 1,84,254 वोटरों के नाम हटा दिए गए हैं। नाम हटाए जाने के बाद अब अररिया में 19,24,414, किशनगंज में 10,86,242, पूर्णिया में 19,94,511 और कटिहार में 20,44,809 वोटर हैं। हालांकि आपत्तियां दर्ज होने और उनकी समीक्षा के बाद वोटर लिस्ट में कुछ नाम जुड़ भी सकते हैं। बिहार के सीमांचल क्षेत्र में 24 विधानसभा सीटें हैं। यहां एनडीए और इंडिया गठबंधन (पहले महागठबंधन) के बीच कड़ी टक्कर होती रही है। चुनाव के दौरान वोटर सांप्रदायिक आधार पर बंट जाते हैं, इसलिए मुकाबला कांटे का हो जाता है। इसके नतीजे में चुनाव में हार-जीत का अंतर काफी कम वोटों का होता है। पिछले अधिकांश चुनावों में इन 24 सीटों पर जोरदार मुकाबला हुआ था। सन 2020 के विधानसभा चुनाव में आल इंडिया मजलिए-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) ने यहां पांच सीटें जीती थीं। एआईएमआईएम के उम्मीदवार महागठबंधन के लिए परेशानी का सबब बने थे। एआईएमआईएमके कारण महागठबंधन को नुकसान उठाना पड़ा था था। हालांकि बाद में AIMIM के चार विधायक आरजेडी (RJD) में शामिल हो गए थे। आने वाले चुनावों में भी यहां ध्रुवीकरण को रोका नहीं जा सकता, इसलिए यहां वोटरों का घटना पार्टियों के लिए रणनीतिक चुनौती बन सकता है।

## नालंदा में सड़क हादसे में युवक की मौत
## तलवार लहराकर कर रहा था बाइक स्टंट

**एजेंसी/नालंदा**

नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत करौटा-राजगीर टूरिस्ट वे पर शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान धरमपुर गांव निवासी विनोद मिस्त्री के 22 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। हादसे में उसका साथी सन्नी कुमार भी गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसका इलाज एक निजी क्लिनिक में चल रहा है।घटना के संबंध में मृतक के मामा रामबाबू ने बताया कि मुकेश अपने दोस्त सन्नी के साथ बाइक पर सवार होकर हरनौत में एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान नरसंडा फोरलेन के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें तत्काल बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इलाज के क्रम में शनिवार को मुकेश की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के समय 25 से 30 युवक बाइक पर सवार होकर स्टंट कर रहे थे और हाथों में तलवार लहराते हुए लहरिया कट मार रहे थे। इसी दौरान एक बाइक, सालेहपुर की ओर से आ रही कार से टकरा गई। टक्कर के बाद कार को घेरकर बाइक सवारों ने हमला कर दिया। कार के शीशे तोड़ दिए गए और उसमें सवार लोगों को तलवार से घायल कर दिया गया। इसके बाद सभी युवक घटनास्थल से फरार हो गए।

# बांका के स्कूल में एचपीबी टीकाकरण के बाद 15 छात्राएं बेहोश, अस्पताल में भर्ती



- अभिभावकों का गुस्सा फूटा, पुलिस को बुलाया गया

**एजेंसी/बांका**

बांका जिले के अमरपुर स्थित आदर्श बालिका उच्च विद्यालय में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए छात्राओं को दी जा रही ल्ढश वैक्सीन (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन) लगने के बाद कई छात्राओं की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बीमार छात्राओं को पेट दर्द, चक्कर, और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं होने लगीं, जिससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। विद्यालय प्रशासन ने तुरंत अमरपुर रेफरल अस्पताल को सूचना दी, जहां से पहुंची मेडिकल टीम ने बीमार छात्राओं को इलाज के लिए भर्ती कराया। घटना के बाद अभिभावकों में गहरी चिंता और नाराजगी देखी गई।बीमार छात्राओं की सूची जैसे ही घटना की जानकारी अभिभावकों को मिली, वे बड़ी संख्या में स्कूल पहुंच गए और विद्यालय प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। उन्होंने टीकाकरण प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए और बिना पूर्व सूचना के वैक्सीन दिए जाने को लेकर विरोध जताया। स्थिति बिगड़ने पर अमरपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा-बुझाकर शांत किया।

### बीमार छात्राओं की सूची

SXf‡fe IbY,ffSXe (IYˆff-8), Af„fb
IbY,ffSXe, »f¤Lß IbY,ffSXe, ·fSXd,f »ff
IbY,ffSXe, ‡fZWXf IbY,ffSXe, ffˆfe
IbY,ffSXe, ,feflff IbY,ffSXe, LßMXe
IbY,ffSXe, ¤f ¤f»f IbY,ffSXe, d·fi„
IbY,ffSXe, fbd·fi„ff IbY,ffSXe, IY

### टीका लगने से घबरा गईं छात्राएं, हुई बेहोश

घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय की शिक्षिकाओं और वहां मौजूद मेडिकल टीम ने तत्परता दिखाते हुए सभी छात्राओं को एंबुलेंस की मदद से रेफरल अस्पताल, अमरपुर भेजा। अस्पताल में चिकित्सकों ने सभी छात्राओं की प्राथमिक जांच की और उनका इलाज शुरू किया। डॉक्टरों ने बताया कि अधिकतर छात्राएं टीका लगने के बाद घबरा गई थीं, जिससे उन्हें चक्कर और बेहोशी की स्थिति हुई। गर्मी और मानसिक तनाव भी एक बड़ा कारण रहा।

### घटना की सूचना मिलते ही सिविल सर्जन हुई एक्टिव

घटना की सूचना मिलते ही बांका की सिविल सर्जन डॉ. अर्चना कुमारी स्वयं मौके पर पहुंचीं और अस्पताल में सभी छात्राओं से मुलाकात कर हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि बच्चियों की स्थिति पूरी तरह सामान्य है, घबराने की कोई बात नहीं है। यह सब गर्मी और अचानक टीकाकरण से हुई मानसिक घबराहट का नतीजा है।

### डॉक्टर की निगरानी में सभी छात्राएं

फिलहाल सभी छात्राएं डॉक्टरों की निगरानी में हैं और जल्द ही उन्हें छुट्टी दी जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग ने एहतियातन पूरे टीकाकरण अभियान की समीक्षा शुरू कर दी है, ताकि आगे इस प्रकार की स्थिति से बचा जा सके। वहीं स्कूल प्रशासन ने भी बच्चियों के परिजनों को सूचना देकर स्थिति की जानकारी दी है।

## भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक उद्देश्य का संगम है बाढ़ में आयोजित श्रावणी पूजा समारोह : नेहा सिंह

**एजेंसी/पटना**



**पटना।** श्रावण मास की पावन बेला में राम लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा अठर कॉलेज सभागार, बाढ़ में एक भव्य श्रावणी पूजा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक, सामाजिक और जागरूकता से परिपूर्ण आयोजन है, जिसकी अगुवाई कर रही हैं नेहा सिंह – बाढ़ की बेटी, समाजसेविका और राम लक्ष्य फाउंडेशन की संस्थापक। कार्यक्रम की जानकारी देने हेतु आज होटल रेड वेलवेट में एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें नेहा सिंह और राम आयेंगे तो अंगना सजाऊंगी फेम स्वाति मिश्रा ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि यह आयोजन भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक उद्देश्य का संगम है। उन्होंने कहा कि ह्लश्रावणी पूजा के इस मंच के माध्यम से हम महिला सशक्तिकरण और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों को जन-जन तक पहुंचाना चाहते हैं। नेहा सिंह ने यह भी कहा कि धार्मिक आयोजनों का प्रभाव तब और गहरा होता है जब वे सामाजिक जिम्मेदारियों से जुड़ जाते हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम को स्त्री सम्मान, शिक्षा और सुरक्षा के मुद्दों पर संवाद का माध्यम बताया और कहा कि हमें बेटियों को सिर्फ पढ़ाना नहीं, उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाना है। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भक्ति गायिका स्वाति मिश्रा, जो स्वयं बाढ़ की बेटी हैं, ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे अपने ही नगर बाढ़ में एक ऐसे आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर मिल रहा है, जो न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण है, बल्कि सामाजिक जागरूकता का भी सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि राम लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा महिला सशक्तिकरण और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियानों को धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से जोड़ना वास्तव में एक सराहनीय पहल है। ऐसे मंचों से समाज में सकारात्मक सोच फैलती है और लोगों को सामाजिक जिम्मेदारियों का भी एहसास होता है। स्वाति मिश्रा ने यह भी कहा कि भक्ति केवल मंदिरों और गीतों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि जब उसमें समाजसेवा और जनजागृति का भाव जुड़ जाए, तभी वह सच्चे अर्थों में सार्थक बनती है। उन्होंने नेहा सिंह के प्रयासों की खुले दिल से सराहना की और कहा कि बाढ़ की बेटियाँ अब समाज में नेतृत्व कर रही हैं, यह बदलाव का संकेत है। गौरतलब है कि वे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। उनकी उपस्थिति से कार्यक्रम को आध्यात्मिक और सांगीतिक ऊर्जा मिलेगी, वहीं नेहा सिंह के नेतृत्व में स्थानीय युवाओं और महिलाओं में नई प्रेरणा का संचार होगा।

## फुलवारी शरीफ में प्रेम प्रसंग के शक में भाई-बहन की नृशंस हत्या

- पटना पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा

**एजेंसी/पटना**

पटना जिले के फुलवारी शरीफ-जानीपुर थाना क्षेत्र के नगवां गांव में 31 जुलाई की शाम हुए भाई-बहन की नृशंस हत्या मामले में पटना पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर बड़ा खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतकों की पहचान अंजली और उसके 10 वर्षीय भाई अंशु के रूप में हुई है, जबकि गिरफ्तार आरोपियों में शुभम कुमार उर्फ सन्नी कुमार (पिता- मृत्युंजय कुमार) और रौशन कुमार (पिता- शंभू शर्मा), दोनों निवासी फुलवारी शरीफ के फुलिया टोला शामिल हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि अंजली और शुभम के बीच प्रेम संबंध था, जिसकी जानकारी दोनों परिवारों को थी। रौशन, जो अंजली के परिवार से पहले से परिचित था, ने ही दोनों की पहचान कराई थी। हाल के दिनों में शुभम को शक हुआ कि अंजली अब किसी और से बातचीत करने लगी है। इसी शक और ईर्ष्या के चलते शुभम ने रौशन के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। दोनों आरोपियों ने मोती चौक, खगौल स्थित एक दुकान से केरोसिन तेल खरीदा और एम्स गोलंबर होते हुए नगवां गांव पहुंचे। शुभम ने अंजली से झगड़ा किया, इस बीच उसका छोटा भाई अंशु जाग गया। शुभम ने पहले अंशु के सिर पर ईंट मारकर हत्या की और फिर अंजली का मुंह तकिए से दबाकर उसे भी मार डाला। इसके बाद दोनों ने लाशों पर केरोसिन छिड़ककर आग लगा दी ताकि साक्ष्य मिटाया जा सके।

## भागलपुर के किशन को भारतीय अंडर-19 क्रिकेट में मिला स्थान



**भागलपुर/बांका**

भागलपुर के कहलगांव निवासी और युवा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज किशन कुमार का चयन भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम में हुआ है। किशन अब आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारतीय अंडर-19 टीम का यह दौरा 21 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शुक्रवार को 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसकी कप्तानी आयुष महात्रे करेंगे। इस टीम में आईपीएल के सनसनीखेज बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी शामिल किया गया है। किशन कुमार के टीम में चयन की खबर सुनते ही उनके परिवार और दोस्तों में खुशी की लहर दौड़ गई। किशन के माता-पिता सुशील कुमार और रीना सिंह ने अपने बेटे की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि देश के लिए खेलने का मौका मिलना पूरे परिवार के लिए गौरव की बात है। किशन ने कहा, यह मेरे लिए देश के लिए खेलने का एक बड़ा मौका है। मैं पूरी कोशिश करूंगा कि अपने प्रदर्शन से लोगों के विश्वास पर खरा उतरूं। मेरे रोल मॉडल बेन स्टोक्स और मेंटर आशीष नेहरा हैं। किशन वर्तमान में नोएडा में चल रहे भारतीय अंडर-19 हाई परफॉर्मेंस कैंप में हिस्सा ले रहे हैं। इससे पहले वह बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कैंप में भी शामिल हो चुके हैं। किशन बीते दो वर्षों से आईपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के लिए नेट गेंदबाज के रूप में भी जुड़े हुए हैं।

ट्रैफिक डीएसपी और थानों को सीएम नीतीश का तोहफा

# 71 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने शनिवार को पुलिस उपाधीक्षक यातायात एवं यातायात पुलिस थानों के लिए 71 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद नीतीश कुमार ने कार्यक्रम स्थल से पटना के राजापुर पुल के पास बने 91.27 करोड़ रुपये लागत से आनन्दपुरी नाला निर्माण योजना का शिलान्यास किया। नीतीश कुमार ने 01 अणे मार्ग से पुलिस उपाधीक्षक यातायात एवं यातायात थानों के लिए 71 पुलिस वाहनों का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इन नए पुलिस वाहनों से राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य राजमार्गों और विभिन्न जिलों से जुड़े शहरों में यातायात नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस वाहनों के लोकार्पण से पहले उसका निरीक्षण किया और उसकी कार्य प्रणाली के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक प्रबंधन और बेहतर होगा। साथ ही विधि व्यवस्था को मेंटेन करने में और सहूलियत होगी। राज्य के विभिन्न जिलों में यातायात व्यवस्था इससे और सुदृढ़ होगी। साथ ही सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक प्रबंधन और बेहतर होगा। नीतीश कुमार ने आशियाना दीघा रोड में राजीव नगर के पास बने कार्यक्रम स्थल से 181 करोड़ रुपये लागत की कुर्जी नाला निर्माण योजना का भी निरक्षण किया। इस दौरान सीएम ने कहा कि इस नाला निर्माण योजना के अंतर्गत नाले का पक्कीकरण किया जाएगा और इसके ऊपर सड़क का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन कार्यों को तेजी से पूरा करें। कार्यक्रम की शुरूआत में पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे थे।



## संक्षिप्त समाचार

### गदाई दियारा के बड़ी गंगा में नाव के पलटने से एक व्यक्ति की मौत, 3 लापता

**तालझारी (साहिबगंज), एजेंसी।** साहिबगंज जिले के तालझारी प्रखंड के महाराजपुर गंगा घाट से शनिवार सुबह नाव पर सवार होकर 31 लोग गदराई दियारा की ओर जा रहे थे. इसी बीच बड़ी गंगा के बीच नाव असंतुलित होकर पलट गयी. नाव में रांगा थाना क्षेत्र के मुकुल झुमर के करीब 17 लोग नाव से चूहा मारने के लेकर दियारा जा रहे थे.

इसी दौरान नाव बीच गंगा में पलट गयी. नाव पलटने से 4 लोग लापता हो गये. 28 लोग किसी तरह तैरकर किनारे आ गये. रांगा थाना क्षेत्र से आये सपन कर्मकार और राम मुर्मू ने बताया की नाव में करीब 31 लोग सवार थे. इसमें 4 लोग लापता हो गये.

### पूर्वी सिंहभूम में 41,034 राशन कार्ड रद्द, 1.33 लाख सदस्य हुए चिह्नित

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पूर्वी सिंहभूम में 41,034 राशन कार्ड रद्द किया गया है. एनआइसी (नेशनल इंफॉर्मेशन सेंटर) की 31 जुलाई 2025 तक की रिपोर्ट के आधार पर जिला खाद्य आपूर्ति विभाग ने यह कार्रवाई की है. इनमें मृत लोगों के 9038, 18 वर्ष उम्र से कम के सिंगल यूनिट वाले 1522 राशन कार्ड, एक साल से अधिक राशन नहीं उठाने वाले 30,056 और दूसरे राज्यों में राशन उठाने वाले 418 राशन कार्डधारी शामिल हैं. ये सभी एक साल से राशन का उठाव नहीं कर रहे थे. इनके अलावा 1 लाख 33 हजार 829 राशन कार्ड सदस्य चिह्नित किये गये हैं, जांच के बाद इनके नाम काटने की प्रक्रिया शुरू होगी. एनआइसी ने इस संबंध में सूची तैयार कर जिला खाद्य आपूर्ति विभाग को दे दी है. तीन कार्डधारियों से 12त्न ब्याज के साथ जुर्माना वसूलेगा विभाग ञ्जुगसलाई क्षेत्र में वास्तविक पहचान छुपाकर पक्का मकान वाले तीन राशन कार्डधारियों से 12 प्रतिशत ब्याज के साथ जुर्माना वसूला जायेगा. इसके लिए खाद्य आपूर्ति विभाग ने शुक्रवार को कार्रवाई शुरू कर दी है. अबतक के उठाये गये खाद्यान्न का एनआइसी से डिटेल मांगा गया है. इससे पूर्व गुरुवार को पीएच श्रेणी राशन कार्ड से वर्षों से राशन का उठाव करने वाले व पक्का मकान वाले तीन राशन कार्डधारियों सिमरजीत सिंह, जसवीर सिंह जॉली और मालती देवी के खिलाफ जुगसलाई के प्रभारी पणन पदाधिकारी ने मुकदमा दर्ज किया था.

### बर्तन चमकाने के बहाने ठगों ने उड़ाई सोने की चेन

**केंदुआ, एजेंसी।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के कुस्तौर नया धौड़ा मोहल्ले में शुक्रवार को दिन के करीब पौने 11 बजे दो ठगों ने बर्तन साफ करने का झांसा देकर एक वृद्ध महिला से सोने की चेन ठग ली. चेन की कीमत करीब तीन लाख रुपये बतायी जा रही है. जानकारी के अनुसार पीड़िता कलावती देवी (75 वर्ष) अपने घर के बाहर चबूतरे पर बैठी थी. तभी बाइक सवार दो युवक महिला के पास पहुंचे और बर्तन साफ करने की बात कहने लगे. इसके बाद कलावती देवी ने एक पीतल का लोटा साफ करने को दिया, जिसे दोनों युवकों ने चमकाकर लौटा दिया.

वृद्धा को विश्वास में लेने के बाद दोनों ने जेवर भी साफ करने की बात कही. इस पर कलावती देवी ने अपनी पायल, बिछिया और गले की सोने की चेन उतारकर दे दी. कुछ ही देर में युवकों ने जेवर को एक पोटली में बांधकर यह कहते हुए लौटा दिया कि साफ हो गए हैं. जैसे ही वृद्धा ने पोटली खोली, सोने की चेन गायब थी. तब तक दोनों आरोपी बाइक से फरार हो चुके थे. घटना के समय वृद्धा की दोनों पुत्रवधु पुष्पा देवी और पिंकी देवी घर के कामों में व्यस्त थीं. बाद में कलावती देवी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी. सूचना मिलते ही उनका पुत्र दिनेश प्रसाद व पोता आकाश कुमार शर्मा उन्हें लेकर केंदुआडीह थाना पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज करायी. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. फुटेज में दोनों आरोपियों के चेहरे साफ नजर आ रहे हैं. पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तत्काल देने की अपील की है.

### कचरा गाड़ियों में लगेगा ट्रैकिंग सिस्टम, डिजिटल माध्यम से रखी जाएगी निगरानी

**आदित्यपुर, एजेंसी।** लंबे समय से विभिन्न निकायों को यह शिकायत मिलती है कि कचरा वाहन गाड़ी निर्धारित स्थल पर कचरा का उठाव नहीं करने आता है। इसको लेकर अब आदित्यपुर नगर निगम समेत पूरे झारखंड के विभिन्न निकायों के कचरा गाड़ी में वाहन टेक्निक सिस्टम एवं आरएफआईडी लगाया जाएगा।

इसको लेकर बीते 31 जुलाई को नगर विकास विभाग के सचिव सूरज कुमार ने पत्र जारी करके पूरे राज्य के निकायों में शीघ्र ही यह सुविधा को लागू करने को कहा गया है। वाहन ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से सभी कचरा वाहनों का कचरा संग्रहण करने का सही समय चल जाएगा।

# 16 कंपनी कमांडर मांग रहे थे अपना अधिकार, विभाग ने किया शो काज

**रांची, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अपना अधिकार मांगने वाले गृह रक्षा वाहिनी के 16 कंपनी कमांडरों को गृह रक्षा वाहिनी सह अग्निशमन मुख्यालय ने शुक्रवार को शो काज किया है और एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है।

इन कंपनी कमांडरों में मनसिद्ध सुरीन, मोहम्मद जावेद इकबाल अंसारी, रंजीत कुमार, आनंद नायक, रोशन उरांव, श्रेय अलंकार, जयपाल कुजूर, ऋषिकेश, संजीव शर्मा, राजेश लकड़ा, प्रकाश लकड़ा, अनुराधा तिग्गा और प्रभु उरांव, निरल केरकेट्टा, सुमन कुमार व ऋषिकेश शामिल हैं।

इन पर आरोप है कि अपना मांगपत्र मुख्यमंत्री सचिवालय, आइजी प्रोविजन, राजभवन व अन्य वरीय पदाधिकारियों को प्रेषित कर दिया। इसे गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय ने अनुशासनहीनता माना है।

मुख्यालय का आरोप है कि विभाग के वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान, अग्रसारण के बिना स्वयं के स्तर से विभाग एवं झारखंड मंत्रालय के वरीय पदाधिकारियों को सीधे पत्राचार किया जाना कर्तव्य के प्रति उदासीनता व सेवा संहिता का उल्लंघन है।



ये सभी 16 कंपनी कमांडर अपनी सेवा निरंतरता, वरीयता सूची, एरियर व देय लाभ की मांग कर रहे हैं। वर्ष 2012 में दारोगा भर्ती बहाली के दौरान ये कंपनी कमांडर 30 नवंबर 2012 को बहाल हुए थे। नियुक्ति के बाद लगभग 15 माह का प्रशिक्षण लिया।

बहाली की प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाकर इन्हें 26 फरवरी 2014 को सेवा से मुक्त कर दिया गया था। सभी कंपनी कमांडरों ने सरकार के इस निर्णय को हाई कोर्ट में चुनौती दी। हाई कोर्ट ने कंपनी कमांडरों के पक्ष में फैसला सुनाया।

सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में इसे चुनौती दी, वहां से भी कंपनी कमांडर के पक्ष में फैसला आया और उस फैसले के आलोक में जून 2021 में 21 कंपनी कमांडर व 15 सार्जेंट के साथ इनकी पुनः नियुक्ति हुई।

कोर्ट के आदेश में वर्ष 2012 से सेवा निरंतरता, वरीयता सूची का लाभ, सेवा समाप्ति से लेकर पुनः बहाली तक का एरियर भुगतान सहित सभी देय लाभ का जिक्र था, लेकिन उन्हें सिर्फ सेवा में बहाल किया गया, अन्य लाभ नहीं मिला। इसे लेकर वे फिर कोर्ट गए तो कोर्ट ने सरकार को सभी देय लाभ देने का आदेश दिया।

अब तक ये उन सभी लाभों से वंचित हैं, जिसकी वे लगातार मांग कर रहे हैं। उन्हें मार्च 2014 से मई 2021 तक का वेतन, एरियर नहीं मिला है।

अपने इसी सात साल की अवधि के सभी लाभ जैसे एरियर, वरीयता सूची आदि की मांग के लिए इन कंपनी कमांडरों ने मुख्यमंत्री सचिवालय सहित सभी वरीय अधिकारियों से पत्राचार किया है। इसके लिए ही उन्हें शो-काज किया गया है।

## नक्सलियों द्वारा छिपाए गए विस्फोटक बरामद, मौके पर सभी को किया गया नष्ट



**सरायकेला, एजेंसी।** जिला पुलिस के संयुक्त अभियान में सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया गया। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा छिपाए गए विस्फोटकों को नष्ट कर दिया है। दरअसल, जिला पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित भाकपा (माओ) नक्सली संगठन के उग्रवादियों द्वारा कुचाई थाना के दलभंगा ओपी अंतर्गत ग्राम-मासीबेरा हिल एरिया के समीप पहाड़ी क्षेत्र में गोला-बारूद छिपाकर रखा गया है।

इस आलोक में चाईबासा पुलिस, झारखंड जगुआर सीआरपीएफ और एसएसबी के साथ सरायकेला-खरसावां पुलिस की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। इसके बाद गुरुवार को कुचाई थाना के दलभंगा ओपी अंतर्गत ग्राम-मासीबेरा हिल एरिया के आस-पास जंगली/पहाड़ी क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया गया। संयुक्त अभियान दल के सर्च अभियान दौरान कुचाई थाना के दलभंगा ओपी अंतर्गत मासिबेरा गांव के समीप पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा बारूद बनाने के विभिन्न सामान छिपाकर रखे गए थे। जिसमें अमोनियम नाइट्रेट पाउडर-60 पैकेट (प्रत्येक 1 किलो), वैसलीन पेट्रोलियम जेली-10 पैकेट (प्रत्येक 42 ग्राम) बरामद किया गया। जिसे बम निरोधक दस्ते की मदद से मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। जिला पुलिस ने बताया कि यह अभियान नक्सलवाद के विरुद्ध सुरक्षा बलों की सतर्कता, समन्वय और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

# एक गांव गोद लेकर मॉडल गांव के रूप में विकसित करें उद्यमी : राष्ट्रपति

**रांची, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड प्रवास के दौरान राजभवन में शहर के विभिन्न समाज और व्यापारिक संगठन के प्रबुद्धजनों ने झारखंड चैंबर के पूर्व अध्यक्ष कुणाल आजमानी के नेतृत्व में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राष्ट्रपति ने सामाजिक विकास में विभिन्न वर्गों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सबकुछ सरकार नहीं कर सकती, समाज की सक्रिय भूमिका से ही व्यापक बदलाव संभव है।

उन्होंने समाज के द्वारा चलाए जा रहे अस्पताल, स्कूल, धर्मशालाओं जैसे कार्यों का विशेष उल्लेख किया और सुझाया कि उद्यमी और व्यापारी मिलकर एक गांव गोद लेकर उसे मॉडल गांव के रूप में विकसित करें। जरूरत पड़ने पर वो स्वयं इस पहल का उद्घाटन करने आएंगी।

राष्ट्रपति ने व्यापारी-उद्यमी समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि उद्यमी समाज रोजगार देने में बड़ी भूमिका निभाता है। एक व्यक्ति को रोजगार मिलने से आनेवाली कई पीढ़ियां अच्छी जीवनशैली से जुड़ती हैं। प्रतिनिधिमंडल में शामिल अतुल गेरा ने ब्लड डोनेशन के लिए स्पेशल एक्ट बनाने की आवश्यकता बताई और कहा कि जनहित में कानून को प्रभावी किया जाना जरूरी है, जिसपर राष्ट्रपति ने उनके प्रयासों की सराहना की। कुणाल आजमानी ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के लिए प्रेरणास्त्रोत



रही हैं। राज्य के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास के प्रति उनका विशेष लगाव और सक्रिय मार्गदर्शन हम सभी के लिए अमूल्य है।

चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने राष्ट्रपति से रोजगार और औद्योगिक विकास, शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधा, राज्य के सभी जिलों में रेल नेटवर्क और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए पहल की आवश्यकता बताई। साथ ही यह भी कहा कि राज्य में स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर एवं एमएसएमई हब की स्थापना में केंद्र सरकार से विशेष सहयोग की जरूरत है।

उन्होंने यह भी आग्रह किया कि आदिवासी समाज की परंपराओं, संस्कृति एवं जल, जंगल, जमीन पर अधिकारों की रक्षा के लिए केंद्र सरकार द्वारा विशेष नीति बनाए जाने की जरूरत है जिससे उनके सर्वांगीण विकास के लिए ठोस कदम उठाये जा सके।

प्रतिनिधिमंडल में जैन, पटेल, मारवाड़ी, पंजाबी, गुजराती, साहू समाज सहित व्यापार और उद्योग जगत के प्रतिनिधि समेत चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, पूर्व अध्यक्ष कुणाल आजमानी, धीरज तनेजा, प्रांतीय मारवाड़ी सेवा समिति के गोवर्धन गाड़ोदिया, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के सचिव गगनदीप सिंह सेठी, जैन चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव अमित जैन, गुजराती पटेल समाज के अध्यक्ष विजय भाई पटेल, उद्यमी पुनीत पोद्दार व अन्य शामिल थे।

# अरगोड़ा, लालपुर समेत 10 दुकानों का रेट 12 करोड़ तक, एमपी-बिहार के कारोबारी की एंट्री

**रांची, एजेंसी।** राज्य की खुदरा शराब दुकानें एक सितंबर से निजी हाथों में चली जाएंगी। दुकानों की लॉटरी की प्रक्रिया उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने शुरू कर दी है। रांची में 150 शराब दुकानों के लिए लॉटरी होगी। इसमें 122 कंपोजिट और 28 देसी शराब की दुकान शामिल हैं।

रांची में जिन शराब दुकानों की लॉटरी होनी है, उनमें 10 क्षेत्र की दुकानें ऐसी हैं जो प्रीमियम केटेगरी में आती हैं। इन प्रीमियम दुकानों का रेट 11 से 12 करोड़ रुपए सालाना तय किया गया है। इनमें अरगोड़ा, लालपुर, मोरहाबादी, कांके रोड, बूटी मोड़, सिंह मोड़, रातू रोड चौक, नामकुम बाजार, हरमू रोड और बुंडू की दुकानें शामिल हैं। इन दुकानों को प्रीमियम श्रेणी में इसलिए रखा गया है, क्योंकि यहां हर दिन की बिक्री 10 लाख रुपए से ऊपर है। इसलिए इन दुकानों का रेट सबसे ज्यादा रखा गया है। उत्पाद विभाग ने एक सितंबर से 31 मार्च तक 7 महीने में इन 150 दुकानों से 450 करोड़ रुपए राजस्व का लक्ष्य रखा है।



एक सितंबर से लागू हो रही शराब बिक्री की नई व्यवस्था में भले ही शराब की खुदरा बिक्री निजी हाथों में होगी, लेकिन उसकी थोक बिक्री जेएसबीसीएल के अधिकार क्षेत्र में होगी। जेएसबीसीएल के गोदाम से ही निजी दुकानदार शराब खरीदेंगे। दुकानों की निगरानी भी जेएसबीसीएल करेगा। नकली शराब रोकने, अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के लिए उत्पाद विभाग व इसके अधिकारी निगरानी करेंगे। इसके लिए ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम को प्रभावी बनाया जाएगा।

झारखंड में खुदरा शराब की बिक्री कभी निजी हाथों में गई तो कभी सराकर के पास रही। वर्ष 2019 से 22 तक शराब की बिक्री झारखंड में निजी हाथों में थी। उसके बाद मई 2022 में नई उत्पाद नियमावली आई। फिर शराब की बिक्री सरकार ने अपने हाथों में ले ली। 2022 से अबतक शराब की खुदरा बिक्री झारखंड बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) द्वारा संचालित हुई। एक बार फिर नई उत्पाद नियमावली आने के बाद खुदरा शराब की बिक्री एक सितंबर से झारखंड में निजी हाथों में चली जाएगी।

**तीन साल बाद सिंडिकेट को फिर मिलेगा शराब कारोबार का मौका**– तीन साल बाद शराब सिंडिकेट को कारोबार करने का मौका मिल रहा है। इसलिए झारखंड सहित मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और बिहार के शराब के बड़े शराब कारोबारी खुदरा दुकानों का ठेका लेने के लिए जुट गए हैं। ये कारोबारी उत्पाद विभाग में बने हेल्प डेस्क में आकर जानकारी ले रहे हैं। रांची के अलावा धनबाद, हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़, जमशेदुर, चाईबासा, कोडरमा जिले के लिए लगातार इनकी क्वायरी आ रही है। वहीं बिहार से सटे इलाके के लिए वहां के बड़े कारोबारी भी जानकारी ले रहे हैं। उत्पाद भवन में खुदरा दुकानों की बंदोबस्ती के लिए चार हेल्प डेस्क बनाए गए हैं।

# पाकुड़ के नन्हे बच्चे ने किया बड़ा कारनामा, इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में दर्ज कराया अपना नाम

**पाकुड़, एजेंसी।** पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं यह कहावत पाकुड़ के नन्हें ज्यांशु मंडल पर एकदम सटीक बैठती है। महज दो साल चार माह की उम्र में विलक्षण प्रतिभा के धनी ज्यांशु ने इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है।




इसी वर्ष दो जुलाई को ज्यांशु का नाम इंडिया बुक आफ रिकार्ड्स में नामांकित किया गया। सात दिनों के बाद उसे अपने हुनर का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। उसने सभी सवालों का जवाब अंग्रेजी में दिया और जानवर, मछली, सब्जी, फल, पक्षी के नाम बताकर सभी को चौंका दिया। इतना ही नहीं, उसने चार-चार कविताएं अंग्रेजी, हिंदी और बांग्ला में सुनाई। 31 जुलाई को उसे इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स की ओर से सम्मानित किया गया।

ज्यांशु मंडलशहर के कालिकापुर का निवासी है। ज्यांशु के पिता गोपाल मंडल एक होटल में मैनेजर हैं, जबकि माता सुस्मिता पेंटिंग इंस्टीच्यूट चलाती हैं। अपने मां-बाप के इकलौते बेटे ज्यांशु ने छोटे कदमों से बड़ा इतिहास रच दिया है। उसने यह साबित कर दिया है कि उम्र से नहीं, हौसले से मंजिलें तय होती हैं।

डेढ़ वर्ष की उम्र से ही माता-पिता ने मिलकर उसके हुनर को निखारना शुरू कर दिया। ज्यांशु को अंग्रेजी, हिंदी और बांग्ला भाषा में प्राथमिक शिक्षा, व्यवहारिक जीवन, कौशल विकास, चित्रकला और नैतिक शिक्षा में पारंगत बनाया गया। उम्र के साथ-साथ ज्यांशु की प्रतिभा और भी निखरने लगी।

दो वर्ष का होते ही उसकी अलग प्रतिभा सामने आने लगी। अपने कौशल से उसने सबको बता दिया कि वह इंडिया बुक आफ रिकार्ड्स में अपना हुनर दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

ज्यांशु के पिता गोपाल मंडल ने बताया कि उनके बेटे में एक वर्ष की उम्र से ही प्रतिभा झलकने लगी थी। माता सुस्मिता का कहना है कि जीत और हार आपकी सोच पर निर्भर करती है। अगर ठान लो तो जीत संभव है। अभी मां उसे चित्रकला का भी प्रशिक्षण दे रही हैं। उनका कहना है कि ज्यांशु में सीखने की ललक है और वह ध्यानपूर्वक चित्रकला सीख रहा है।

# बस स्टैंड को लेकर नगर परिषद के पास 4 करोड़, चार साल में भी नहीं मिल पाई जमीन

**चक्रधरपुर, एजेंसी।** चक्रधरपुर नगर परिषद के पास पिछले चार साल से बस स्टैंड की जमीन खरीदने को लेकर 4 करोड़ है, लेकिन जमीन उपलब्ध नहीं हो सकी है, जो चक्रधरपुर के लिए दुर्भाग्य है। बड़ी बात यह है कि दो लाख से अधिक की आबादी वाले नगर में बस स्टैंड का अभाव है। जबकि चक्रधरपुर नगर परिषद ही नहीं रेल मंडल भी है। जिस कारण चारोओर से लोगों का बस और ट्रेनों के माध्यम से चक्रधरपुर आवागमन होता है। ऐसी स्थिति में लोगों को अपने गंतव्य स्थल तक जाने के लिए सड़क किनारे बस पकड़नी पड़ती है।

इस कारण बाजार में बस रुकने से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ती है। जबकि सवारियों को बरसात, गर्मी या सर्दी के मौसम में खुले आसमान के नीचे सड़क किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। बस स्टैंड नहीं होने के कारण नगर के इतवारी बाजार, कुसुमकुंज, एलआईसी बिल्डिंग, प्रभात सिनेमा हॉल, पवन चौक, नगर परिषद कार्यालय, चेकनाका, मारवाड़ी हाई स्कूल आदि जगहों पर बसें खड़ी होती हैं। इन जगहों पर यात्री वाहन खड़े होकर सवारियां भरते हैं। इस कारण सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



चक्रधरपुर शहर में बस स्टैंड के लिए नगर विकास विभाग द्वारा चार करोड़ रुपए दिए गए हैं। वर्ष 2021-22 में यह राशि चक्रधरपुर नगर परिषद को बस स्टैंड के लिए जमीन खरीदने के लिए मिली है, लेकिन चक्रधरपुर में जमीन के अभाव के कारण समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। फिलहाल नगर परिषद के पास बस स्टैंड की जमीन खरीदने को लेकर चार करोड़ जमा है।

चक्रधरपुर नगर परिषद क्षेत्र में जमीन का अभाव है। जिस कारण नगर से बाहर भी जमीन का तलाश किया जा रहा है। बस स्टैंड की जमीन खरीदने को लेकर नगर विकास विभाग से चार करोड़ रुपए मिले हैं। बहुत जल्द ही इस समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। राहुल यादव, प्रशासक नगर परिषद कार्यालय चक्रधरपुर। चक्रधरपुर प्रभात सिनेमा हॉल के समीप यात्रियों की सुविधा के लिए बस पड़ाव बनाया गया था, लेकिन रेलवे ओवरब्रिज बनने के कारण बस पड़ाव बेकार साबित हो गया। क्योंकि बस पड़ाव जाने के लिए बड़े वाहनों की सुविधा नहीं है। बस पड़ाव में एक भी बस खड़ी नहीं होती है। बस पड़ाव अब गैरेज एवं अन्य सामान रखने या गाड़ी रखने के अवैध पार्किंग का अड्डा बन गया है। नगर परिषद द्वारा 20 लाख रुपए खर्च कर यात्री शेड एवं 24 लाख रुपए खर्च कर 10 दुकानों का निर्माण कराया गया था। लेकिन दोनों योजनाओं के पूर्ण होने से पहले ही बस पड़ाव बंद हो गया। जिससे सरकार का लाखों रुपए बेकार हो गए।

## कंटेनर से जब्त की गई एक करोड़ रुपए की शराब, पलामू में दो तस्कर गिरफ्तार

**पलामू, एजेंसी।** पलामू पुलिस को शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। नावाबाजार थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक कंटेनर से 1068 पेटी में 34680 बोतल अवैध शराब जब्त की है। यह शराब छत्तीसगढ़ से बिहार ले जाई जा रही थी। नवाबाजार के थाना प्रभारी संजय कुमार यादव के मुताबिक पकड़े गए शराब की कीमत एक करोड़ रुपए है।

नावाबाजार थाना की पुलिस टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग-98 स्थित पुलिस चेक पोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान एक कंटेनर को रोका गया। चालक और खलासी ने बताया कि वे प्लाईवुड लेकर बिहार जा रहे हैं। उनकी संदिग्ध गतिविधियों के कारण कंटेनर की तलाशी ली गई। तलाशी में बड़ी मात्रा में शराब की पेटियां बरामद हुईं। चालक और खलासी शराब से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है। इनमें राम दिया (32) निवासी भिवानी, हरियाणा और विजय (34) निवासी जिंद, हरियाणा शामिल हैं। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे चंदन सिंह के निर्देश पर छत्तीसगढ़ से शराब लेकर बिहार जा रहे थे। जब्त शराब में इंपीरियल ब्लू के 180 मिली की 195 पेटी और 375 मिली की 148 पेटी शामिल हैं। इसके अलावा मैकडॉवेल के 180 मिली की 251 पेटी, 375 मिली की 336 पेटी और 750 मिली की 138 पेटी भी जब्त की गई हैं। नावाबाजार थाने में झारखंड उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अवैध शराब और कंटेनर को जब्त किया गया है। दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है।




# स्किल्स हैं आपके अंदर तो नौकरी के मिलेंगे कई विकल्प

एक बढ़िया नौकरी हासिल करने के लिए डिग्री और एक्सपीरियंस के अलावा स्किल्स की भी जरूरत होती हैं। ऐसे में अगर आपके पास डिग्री या एक्सपीरियंस नहीं हो तब भी आपको अच्छी नौकरी मिल सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ नए स्किल्स को सीखना पड़ेगा। चलिए जानते हैं। इसके बारे में।

## कम्युनिकेशन स्किल

अगर आपका कम्युनिकेशन स्किल अच्छा है तो आप किसी भी तरह की नौकरी कर सकते हैं। कम्युनिकेशन स्किल अच्छा करना काफी ज्यादा जरूरी हैं। आज के समय में अगर आपका कम्युनिकेशन स्किल अच्छा है तो आपको कहीं भी नौकरी मिल जाएगी।

## प्रॉब्लम सॉल्विंग एटिट्यूड

अगर आप किसी टास्क को पूरा कर रही हैं तो उनमें कई सारे प्रॉब्लम भी आएंगे। आपको उस प्रॉब्लम से भागने नही चाहिए। आपको प्रॉब्लम सॉल्विंग एटीट्यूड बनाना होगा। किसी भी मुसीबत से कैसे निकलना है यह आपको पता होना चाहिए। इन चीजों के जरिए ही आप कुछ नई चीजें सीख पाएंगे।

## अंग्रेजी पर दें विशेष ध्यान

अगर आप भीड़ में सबसे अलग दिखना चाहते हैं तो आपको अंग्रेजी पर विशेष ध्यान देना काफी ज्यादा जरूरी है। इसके जरिए ही आपको एक अच्छी नौकरी मिनटों में मिल सकती हैं। इतना ही नहीं, आप अपनी अंग्रेजी से अपने सीनियर को इंप्रेस भी कर सकते हैं। इसके लिए आपको केवल थोड़ी सी प्रैक्टिस की जरूरत है।






# इटली में इटैलियन बच्चों के लिए ही नहीं, इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के लिए भी है स्कॉलरशिप

**इटली बहुत ही सुंदर देश है और इटैलियन वाइन और पिज्जा के बारे में तो पूरी दुनिया जानती है, लेकिन सुंदरता और फूड से परे, इटली में स्टूडेंट्स के लिए भी काफी कुछ है। इटली एक ऐसा देश है जहां आप कई तरह की स्कॉलरशिप का मजा उठा सकते हैं। ये सिर्फ इटैलियन बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि, इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के लिए भी है। इंटरनेशनल स्टूडेंट्स जिनकी फैमिली में लो इनकम होती है उनके लिए यह स्कॉलरशिप अच्छी साबित हो सकती है।**

इटली में स्कॉलरशिप लेकर पढ़ने की सबसे अच्छी बात यह है कि यहां स्टूडेंट्स को स्टाइपेंड भी मिलती है। यानी आपको ना सिर्फ फीस माफी और रहने की जगह मिलेगी, बल्कि आपको पैसे भी मिलेंगे। स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप और एग्जाम्स की जानकारी देने वाली इंफ्लुएंसर ने इससे जुड़ी जानकारी शेयर की है। उन्होंने एक ऐसी स्कॉलरशिप के बारे में बताया जिसे इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के दिया जा रहा है। शर्त यह है कि उनकी फैमिली इनकम काफी कम होनी चाहिए। मिडिल क्लास फैमिली इनकम के बराबर यानी 20 से 22 लाख सालाना या उससे कम।

## MAECI प्रोग्राम

Ministry of Foreign Affairs and International Cooperation (MAECI) जैसा कि नाम बता रहा है, यह विदेश मंत्रालय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग द्वारा दी जाने वाली स्कॉलरशिप है। [illegible] द्वारा यहा स्कॉलरशिप विदेशी नागरिकों और विदेश में रहने वाले इतालवी स्टूडेंट्स को दी जाती हैं। इसे एक तरह का इंटरनेशनल फॉरेन एक्सचेंज प्रोग्राम ही समझ लीजिए। यह इसलिए दी जाती है ताकि सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। इटली की सरकार स्थानीय इतालवी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा दे रही है जिससे वैश्विक स्तर पर देश की छवि बेहतर हो और अर्थव्यवस्था को भी थोड़ा फायदा मिल सके।

## किन कोर्सेस के लिए मिलती है स्कॉलरशिप?

- मास्टर डिग्री कोर्स
- पीएचडी डिग्री

शैक्षणिक सुपरविजन के तहत रिसर्च मॉड्यूल इतालवी भाषा का कोर्स (केवल 3 महीने के लिए)

जिसे भी MAECI प्रोग्राम के तहत स्कॉलरशिप मिलती है उसे ना सिर्फ ट्यूशन फीस नहीं देनी होती, बल्कि उसे 900 यूरो (83,223 रुपये) मासिक स्कॉलरशिप भी मिलती है। हां, ये स्कॉलरशिप सिर्फ किसी इटैलियन बैंक में ही ली जा सकती है। इसके अलावा, किसी में नहीं।

## IYT प्रोग्राम

IYT (इंवेस्ट योर टैलेंट इन इटली) प्रोग्राम में भाग लेकर, छात्रों को अकादमिक और तकनीकी स्किल्स को विकसित करने का अवसर मिलता है। इस प्रोग्राम के तहत जितनी भी पढ़ाई होती है उसे इंग्लिश भाषा में सिखाया जाता है, इसलिए अगर आपको इटैलियन या इतालवी भाषा नहीं आती, तो भी दिक्कत नहीं है। इसमें मास्टर डिग्री कोर्स और मास्टर प्रोग्राम (1 साल का पीजी डिप्लोमा कोर्स) करवाया जाता है। हालांकि, इसमें बहुत सारे बेनेफिट्स हैं, लेकिन इसके लिए आपको नीचे बताए गए फील्ड्स में से किसी एक का होना होगा-

- इंजीनियरिंग
- एडवांस टेक्नोलॉजी
- इकोनॉमिक्स और मैनेजमेंट
- वास्तुकला (आर्किटेक्चर) और डिजाइन

यहां सिर्फ स्कॉलरशिप नहीं मिलती बल्कि इटैलियन कंपनियों में ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग देकर स्टूडेंट्स को एक्सपीरियंस भी दिया जाता है। यह स्कॉलरशिप काफी अच्छी मानी जाती है और इसके जरिए आप अपने लिए बहुत अच्छा करियर ऑप्शन चुन सकते हैं। इसके साथ ही, आपको IYT में ट्यूशन फीस नहीं देनी होती और साथ ही हर महीने 1000 यूरो दिए जाते हैं जो लगभग 9 महीने मिलते हैं। तो कुल राशि व 9000 मतलब भारतीय मुद्रा में 8 लाख 32 हजार रुपये के आस-पास है।

## DSU

DSU (Diritto allo Studio Universitario) पूरी तरह से इटैलियन प्रोग्राम है जिसमें इटैलियन सरकार और रीजनल ऑर्गेनाइजेशन उन स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप देती हैं जिनके पास पढ़ने के लिए ठीक तरह से पैसे नहीं हैं। इसके लिए इटैलियन यूनिवर्सिटीज में बैचलर्स या मास्टर्स डिग्री के लिए अप्लाई किया जा सकता है।

## DSU की ग्रांट में ये शामिल है

- इंआय के आधार पर ट्यूशन फीस में कटौती या माफी
- इनि-शुल्क आवास
- इनि-शुल्क या रियायती भोजन
- इंअतिरिक्त खर्चों को कवर करने के लिए मासिक भुगतान (खेल, किताबें, आदि)
- इंइस स्कॉलरशिप में लगभग 7000 यूरो सालाना यानी 6.47 लाख रुपये के आस-पास दिए जाते हैं।






# एक क्लिक में कई कंपनी में भेज सकते हैं रिज्यूम, कैसे काम करता है एआई जॉब फीचर

**अगर आप जॉब के लिए रिज्यूम भेजने में काफी समय लगता है, तो आप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा ले सकते हैं।**

जॉब सीकर्स के लिए जॉब ढूंढना काफी मुश्किल होता है। इसके लिए रोज-रोज हर जगह रिज्यूम सेंड करना होता है। फिर भी जरूरी नहीं कि उन्हें सफलता मिल ही जाए। कई बार सीवी रिजेक्ट होते हैं और बार-बार कैंडिडेट को उदासी और डिप्रेशन का शिकार होना पड़ता है। हालांकि एक-एक जगह कंपनी को देखते हुए रिज्यूम भेजने में काफी टाइम भी लगता है और कई अवसर तो छूट भी जाते हैं। लेकिन अब इसके लिए ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं। मार्केट में कई एआई जॉब टूल आ गए हैं, जो आपके सीवी को मिनटों में कई जगह पर खुद ही सेंड कर देते हैं। खास बात ये है कि आपको जॉब एप्लिकेशन फॉर्म भरने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। बस कुछ डिटेल्स को टूल में फिल करनी है। उसके बाद सारी जिम्मेदारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की होती है। ये एक ही बार में हजारों कंपनियों में आपका सीवी भेज सकते हैं। आइए जानते हैं, यह कैसे काम करता है।

## कैसे काम करता है जॉब जीपीटी

- जॉब जीपीटी का क्रोम एक्सटेंशन एड करके आप सिर्फ एक क्लिक में हजारों जगह जॉब के लिए अप्लाई कर सकते हैं।
- इसमें आपको जॉब से रिलेटेड स्किल्स और जॉब लोकेशन जैसे डिटेल्स भरने होंगे।
- इसके बाद एक सेशन में कितनी जगह जॉब अप्लाई करना है उसको भी सिलेक्ट करना होगा।
- यहां आपको लोकेशन, सैलरी, जॉब पोस्टिंग डेट, इंडस्ट्री, एक्सपीरियंस लेवल, जॉब टाइटल और रिमोट/ऑनसाइट बेस्ड हर ऑप्शन पर अपनी मर्जी का जॉब फिल्टर कर सकते हैं।
- इसके बाद कभी भी जब मन करें बस एक सिंगल क्लिक पर आप लगभग 1,000 जॉब के लिए सीवी भेज सकते हैं।

## जॉब जीपीटी के फायदे

लिंक्डइन जैसे जॉब पोर्टल पर भी जॉब जीपीटी फीचर का फायदा मिल सकता है। इसकी खासियत ये है कि इसमें आपके समय की बचत होगी। कम समय में ज्यादा से ज्यादा जगह जॉब के लिए अप्लाई करेंगे। इससे जॉब मिलने की चांसेस भी काफी हद तक बढ़ जाएगी। किसी भी फ्री टाइम में आप इसका आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए कोई टाइम की लिमीटेशन भी नहीं होगी।






# इंटरव्यू क्रैक करने के लिए जरूर करें गूगल के 3 फ्री ऑनलाइन कोर्स

**दुनिया की सबसे बड़ी तकनीकी कंपनियों में से एक, आपको इंटरव्यू क्रैक करने में मदद करने के लिए कई मुफ्त ऑनलाइन कोर्स प्रदान करती है। ये कोर्स आपको न केवल तकनीकी जानकारी बल्कि सॉफ्ट स्किल्स भी डेवलप करने में मदद करते हैं, जो किसी भी इंटरव्यू में सफलता की कुंजी है।**

गूगल अपने कई डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिये छात्रों एवं पेशेवरों के लिए समय-समय पर ऑनलाइन वर्कशॉप, सेमिनार, इवेंट और ऑनलाइन फ्री कोर्स की पेशकश करता है। गूगल की पहल से शुरू इन कोर्सेज में अक्सर छात्रों व पेशेवरों को उन क्षेत्रों के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है, जिनकी जॉब मार्केट में मांग बढ़ रही है। हाल ही में गूगल ने नौकरी पर आधारित कई ऑनलाइन कोर्स की शुरुआत की है। ये कोर्स उन युवाओं के लिए अधिक उपयोगी है, जो पहली बार किसी इंटरव्यू या नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं। साथ ही उन पेशेवरों के लिए भी लाभकारी है, जो नौकरी के साथ-साथ अतिरिक्त कौशलों को सीखना चाहते हैं। मार्केटिंग स्ट्रेटजी एंड एआई गूगल के मार्केटिंग विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन एक घंटे के इस कोर्स के जरिये ग्राहकों से जुड़ने के लिए एआई का लाभ कैसे उठाया जाए इससे आपको परिचित करवाया जाएगा। इस कोर्स के माध्यम से यह भी बताया जाएगा कि एआई मार्केटिंग परिदृश्य को कैसे बदल रहा है और मार्केटिंग के लिए क्या अवसर मौजूद हैं।

## टेलिंग स्टोरी विद डाटा विजुअलाइजेशन

45 मिनट का यह ऑनलाइन कोर्स आपको एक आकर्षक डाटा विजुअलाइजेशन बनाने के विभिन्न तरीकों के बारे में सिखाएगा। कोर्स के दौरान आपको सही विजुअलाइजेशन का चयन करना भी सिखाया जाएगा। इसलिए यह कोर्स उन छात्रों एवं पेशेवरों के लिए अधिक महत्वपूर्ण है, जो अक्सर स्कूल, कॉलेज या कार्यस्थल पर प्रेजेंटेशन देते हैं।

## सोशल मीडिया स्ट्रेटजी

इस तकनीकी दौर में विभिन्न प्लेटफॉर्म एवं संगठन को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए सोशल मीडिया टीम की आवश्यकता होती है। यह कोर्स उन पेशेवरों के लिए अधिक लाभकारी है, जिनकी सोशल मीडिया में विशेष रुचि है। इस कोर्स में आपको सबसे पहले ऑनलाइन नए ग्राहकों तक पहुंचने की विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही एक सरल सोशल मीडिया स्ट्रेटजी और सोशल मीडिया पोस्ट बनाने के लिए ऐसे टूल्स के बारे में भी बताया जाएगा, जो आपका कीमती समय बचा सकते हैं।

## बिल्ड ए सीवी एंड राइट ए कवर लेटर

किसी भी नौकरी में आवेदन के लिए आजकल एक अच्छे रिज्यूमे के साथ-साथ एक कवर लेटर भेजने का ट्रेंड भी खूब चलन में है। यदि आपका रिज्यूमे और कवर लेटर दोनों ही बेहतरीन हैं, तो नौकरी में सफल होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। एक घंटे के इस कोर्स में आपको एक अच्छे रिज्यूमे व कवर लेटर में अधिक महत्वपूर्ण जानकारी को साझा करने के तरीकों के बारे में बताया जाएगा। यह कोर्स नौकरी की तलाश करने वाले युवा पेशेवरों को विभिन्न टूल्स से भी परिचित करवाएगा, जिसकी मदद से आप आसानी से नौकरी पा सकते हैं।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर बढ़ा

- 698.192 अरब डॉलर पर पहुंचा आंकड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 25 जुलाई को समाप्त के दौरान 2.703 अरब डॉलर बढ़कर 698.192 अरब डॉलर हो गया। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में समग्र भंडार 1.183 अरब डॉलर घटकर 695.489 अरब डॉलर रह गया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।



**विदेशी मुद्रा आस्तियां बढ़कर 588.926 अरब डॉलर हो गईं–** आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुंद्र भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.316 अरब डॉलर बढ़कर 588.926 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के उतार–चढ़ाव का भी असर शामिल होता है।

**स्वर्ण भंडार बढ़कर 85.704 डॉलर हो गया–** आरबीआई ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान सोने का भंडार 1.206 अरब डॉलर बढ़कर 85.704 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) 126 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.809 अरब डॉलर हो गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की आरक्षित स्थिति भी 55 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.753 अरब डॉलर हो गई।

## क्रेडिट ग्रोथ को बढ़ावा देने रेपो रेट में हो सकती है 25 आधार अंकों की और कटौती

### एसबीआई रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आगामी 5 से 7 अगस्त को होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो दर में 25 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती की घोषणा कर सकता है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त में दरों में एकमुश्त कटौती से ऋण वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा, जिससे जल्दी दिवाली जैसी फीलिंग आ सकती है, क्योंकि वित्त वर्ष 2026 का त्योहारी सीजन शुरू हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले आंकड़े एक स्पष्ट रुझान




दिखाते हैं कि दिवाली से पहले रेपो दर में किसी भी कटौती से त्योहारी अवधि के दौरान ऋण वृद्धि में इजाफा हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, हमें उम्मीद है कि आरबीआई अगस्त की नीति में 25 आधार अंकों की कटौती के साथ आगे बढ़ना जारी रखेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त 2017 में रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती से दिवाली के अंत तक 1,956 अरब रुपये की वृद्धिशील ऋण वृद्धि हुई। इसमें लगभग 30 प्रतिशत योगदान व्यक्तिगत ऋणों का था। रिपोर्ट में कहा गया कि दिवाली, भारत के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है इस कारण, इस मौके पर उपभोक्ता खर्च में वृद्धि दिखती, और दिवाली से पहले कम ब्याज दर का माहौल ऋण मांग को बेहतर बनाने में मदद करता है।

# कार खरीदने से डर रहे हैं लोग जुलाई में बिक्री में आई कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्योहारी सीजन से पहले कार बाजार में सुस्ती दिख रही है। जुलाई में कारों की बिक्री कम रही। टाटा मोटर्स, हुंडई, टोयोटा और होंडा जैसी बड़ी कंपनियों की बिक्री में गिरावट आई है। देश की सबसे बड़ी ऑटो कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की बिक्री लगभग स्थिर रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा और किआ की बिक्री बढ़ी है। लेकिन, कार बाजार में अभी भी निराशा का माहौल है। जानकारों का कहना है कि मांग में कमी है। इसकी कई वजहें हैं। जैसे दुनिया भर में तनाव, अमेरिका द्वारा लगाए गए टैक्स का डर और आईटी सेक्टर में नौकरियों में कटौती। इन सब कारणों से लोग कार खरीदने से डर रहे हैं।



देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति का कहना है कि अभी मांग कमजोर है। लेकिन कंपनी को उम्मीद है कि त्योहारी सीजन में बिक्री बढ़ेगी। मारुति के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग एंड सेल्स) पार्थो बनर्जी ने कहा कि ओवरऑल कार इंडस्ट्री बढ़ नहीं रही है। यह अच्छा संकेत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों के लिए कार खरीदना मुश्किल हो रहा है। खासकर छोटी कारों की बिक्री नहीं बढ़ रही है। उन्हें उम्मीद है कि त्योहारों के दौरान सुधार के संकेत दिखाई देंगे।

### बिक्री बढ़ाने का प्लान

हुंडई की घरेलू बिक्री में 10 प्रतिशतकी गिरावट आई है। कंपनी का कहना है कि हाल के महीनों में मांग में कुछ कमी आई है। हुंडई के डायरेक्टर और सीओओ तरुण गर्ग ने कहा, हम त्योहारी सीजन की शुरुआत को लेकर आशावादी हैं और पूरी तरह से तैयार हैं। हमारे पास कारों की अच्छी सप्लाई है और हम नए मॉडल भी पेश करेंगे। कार कंपनियां मांग बढ़ाने के लिए नई कारें लॉन्च करने की योजना बना रही हैं। स्वीडन की लग्जरी कार कंपनी वोल्वो ने अपनी सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी ङ्ग60 का नया मॉडल लॉन्च किया है। इसकी कीमत 72 लाख रुपये (एक्स–शोरूम) है।

## छंटनी नहीं, पर रोजगार बाजार संकट में; बेरोजगारी की मौजूदा दर महामारी को छोड़ 2012 के बाद सर्वाधिक




नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका में रोजगार की तलाश में भारत और चीन समेत कई देशों से लोग एच–1 बी वीजा पर नौकरियां पाने के प्रयास में जुटे है, लेकिन अमेरिकी रोजगार बाजार धीरे–धीरे कमजोर हो रहा है। यह व्यापक छंटनी के रूप में नहीं दिख रहा क्योंकि बेरोजगारी दर अभी भी कम है। उससे भी आगे यह स्पष्ट दिखने लगा है कि नए कॉलेज स्नातक अमेरिकी रोजगार बाजार में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 22 से 27 वर्ष के कॉलेज स्नातकों के लिए बेरोजगारी दर मार्च में 5.8 प्रतिशततक पहुंच गई है।

डाटा फर्म फैक्टसेट के पूर्वानुमानकर्ताओं के एक सर्वेक्षण के मुताबिक, बेरोजगारी की यह दर महामारी को छोड़कर, 2012 के बाद से सबसे ज्यादा है। यह अमेरिकी राष्ट्रीय बेरोजगारी दर से कहीं अधिक है। नौकरियों में बने कई अमेरिकी फिलहाल नई खोज के लिए तैयार नहीं हैं क्योंकि उनके लिए बाजार में जगह सिमट चुकी है। सिर्फ कुछ ही उद्योग वास्तव में आक्रामक रूप से भर्तियां कर रहे हैं। लेकिन उन पर नौकरियों में बने पुराने लोगों का भरोसा नहीं है। सर्वेक्षण के अनुसार, जब श्रम मंत्रालय भारतीय समयानुसार शनिवार को अपनी जुलाई की रोजगार रिपोर्ट जारी करेगा, तो यह पता चल सकेगा कि कंपनियों, सरकारी एजेंसियों ने गत माह कितनी नौकरियां जोड़ीं।

## ट्रंप ने अमेरिका के टॉप रईसों को दिया 50 अरब का झटका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों से शुक्रवार को अमेरिका शेयर बाजार में भारी गिरावट आई। यह मई के बाद एक दिन में आई सबसे बड़ी गिरावट थी। इससे अमेरिका के टॉप अरबपतियों की नेटवर्थ में भारी गिरावट आई। दुनिया के 10 टॉप अरबपतियों में नौ अमेरिका के हैं। शुक्रवार की गिरावट से उनकी नेटवर्थ में करीब 50 अरब डॉलर की गिरावट आई। सबसे बड़ा झटका ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस को लगा। कंपनी के शेयरों में गिरावट से उनकी नेटवर्थ 17.2 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 237 अरब डॉलर रह गई। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक दुनिया के सबसे बड़े रईस और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को 4.03 अरब डॉलर का फटका लगा। उनकी नेटवर्थ में इस साल 80.5 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इसके बावजूद वह 352 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अमीरों की लिस्ट में पहले नंबर पर बने हुए हैं। ओरेकल के फाउंडर लैरी एलिसन की नेटवर्थ में शुक्रवार को 9.94 अरब डॉलर की गिरावट आई और वह 295 अरब डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 102 अरब डॉलर की तेजी आई है।

## इंडसइंड बैंक की बढ़ेंगी मुश्किलें जांच पर एमसीए ले सकता है फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के इंडसइंड बैंक की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सीएनबीसी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय को जांच के दौरान कई तरह की गड़बड़ी मिली है। ऐसे में अब एमसीएइस मामले को जांच महानिदेशालय को सौंपने पर विचार कर रहा है। इसके अलावा गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय को भी मामला सौंपा जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो यह बैंक के लिए बड़ी मुश्किल हो जाएगी। हालांकि, बैंक को इस संबंध में एमसीए से कोई सूचना नहीं मिली है। बता दें कि बैंक पहले से ही आरबीआई, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अलावा भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान सहित कई प्राधिकरणों की जांच के दायरे में रहा है।




### जून तिमाही के नतीजे

इंडसइंड बैंक का जून, 2025 को समाप्त तिमाही का मुनाफा 72 प्रतिशत घटकर 604 करोड़ रुपये रहा है। बैंक ने एक साल पहले इसी अवधि में 2,171 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। इंडसइंड बैंक को मार्च, 2025 तिमाही में 2,329 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में बैंक की कुल आय घटकर 14,420.80 करोड़ रुपये रह गई, जबकि इससे एक साल पहले इसी तिमाही में यह 14,988.38 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन अवधि में मुख्य शुद्ध ब्याज आय भी 5,408 करोड़ रुपये से घटकर 4,640 करोड़ रुपये रह गई। हालांकि शुल्क और अन्य आय में अपेक्षाकृत सीमित गिरावट हुई, और यह आंकड़ा सालाना आधार पर 2,442 करोड़ रुपये से घटकर 2,157 करोड़ रुपये रहा। इंडसइंड बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात जून, 2025 में बढ़कर 3.64 प्रतिशत हो गया, जो मार्च, 2025 में 3.13 प्रतिशत था, लेकिन तिमाही आधार पर प्रावधान 2,522 करोड़ रुपये से घटकर 1,760 करोड़ रुपये रह गया। बता दें कि इंडसइंड बैंक खराब कर्ज की पहचान करने और वायदा-विकल्प खंड में कथित अनियमितताओं से जूझ रहा है।

## कॉलेज के दो दोस्तों ने जॉब ऑफर ठुकराकर शुरू किया आपना काम, अब करोड़ों की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुमंत प्रभु और निखिल भास्कर की जोड़ी ने कमाल की सफलता हासिल की है। वे कर्नाटक के शिमोगा जिले के रहने वाले हैं। मिडिल क्लास फैमिली से ताल्लुक रखने वाले इन दोनों की इंजीनियरिंग की पढ़ाई के वक्त दोस्ती हुई थी। दोनों दोस्तों ने तभी अपने कारोबार को खड़ा करने का सपना देखा था। इस सपने को पूरा करने के लिए सुमंत और निखिल ने कॉलेज प्लेसमेंट के दौरान जॉब ऑफर तक ठुकरा दिए। आज वे बेंगलुरु-बेस्ड एडटेक स्टार्टअप किडवेंटो एजुकेशन एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड के मालिक हैं। कंपनी में 150 इम्प्लॉयी काम करते हैं। यह वेंचर 8 करोड़ रुपये के टर्नओवर के साथ सफलता की नई बुलंदियों को छू रहा है। उनकी कंपनी ने उलिप्सू नाम के एक ओटीटी-जैसे लर्निंग प्लेटफॉर्म को लॉन्च किया है।



### इंजीनियरिंग कॉलेज में हुई मुलाकात

सुमंत प्रभु (दाएं) और निखिल भास्कर की दोस्ती उनके इंजीनियरिंग कॉलेज के पहले साल में ही शुरू हो गई थी। दोनों को पढ़ने के साथ पढ़ाने का भी शौक था। उन्होंने जल्दी ही स्कूलों में प्रायोगिक विज्ञान और गणित की कार्यशालाएं आयोजित करना शुरू कर दिया। इन कार्यशालाओं को व्यवस्थित करने के लिए उन्होंने ष्टत्रश्वङ्ग नाम की एक कंपनी बनाई।

### जॉब ऑफर ठुकराने का लिया रिस्क

अपने कॉलेज के अंतिम साल में सुमंत और निखिल दोनों को कैंपस प्लेसमेंट से दो–दो आकर्षक जॉब ऑफर मिले। सुमंत को जिंदल स्टील और टीडी पावर सिस्टम्स लिमिटेड से ऑफर मिले थे। वहीं, निखिल को जिंदल स्टील और टीसीएस ने ऑफर किया था। लेकिन, अपने उद्यमिता के जुनून को पूरा करने के लिए उन्होंने ये सभी ऑफर ठुकरा दिए। 2014 में दोनों ने वेस्टो एजुकेशन सॉल्यूशंस एलएलपी नाम की एक कंपनी शुरू की। उस समय वे शिमोगा में एक छोटे से कमरे में रहते थे। उनका पहला बड़ा क्लाइंट मंगलौर का एक स्कूल था। इसने 7–10 कार्यशालाओं के लिए 51,000 रुपये का पेमेंट किया।

## टाटा पावर का शुद्ध लाभ जून तिमाही में छह फीसदी बढ़ा, राजस्व बढ़कर 17464 करोड़ पहुंचा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा पावर का समेकित शुद्ध लाभ जून तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 1,262 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले साल 1,189 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। तिमाही के दौरान कंपनी का राजस्व बढ़कर 17,464 करोड़ रुपये हो गया। यह एक साल पहले 16,810 करोड़ रुपये था। कंपनी को यह लाभ मुख्य रूप से नवीकरणीय ऊर्जा के साथ–साथ पारेषण और वितरण कारोबार से प्राप्त राजस्व में बढ़ोतरी के कारण हुआ। टाटा पावर के सीईओ और प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा कि हमने अपने सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन के साथ वित्त वर्ष 26 की शानदार शुरुआता की है। हमारा नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, क्योंकि हम स्वच्छ ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में नवाचार, पैमाने और दक्षता को बढ़ावा दे रहे हैं।

### शराब कंपनी के क्यू1 रिजल्ट ने किया निवेशकों को गदगद

## 52 वीक हाई पर भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक तरफ बाजार में आज भारी गिरावट देखने को मिली है। तो वहीं कुछ कंपनियों के शेयर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उसी में एक कंपनी रेडिको खेतान है। कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 7 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। कंपनी का शेयर बीएसई में 2774.65 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 7 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 2941.40 रुपये के लेवल तक पहुंच गया। रेडिको खेतान का यह 52 वीक हाई है। आज लगातार चौथा कारोबारी दिन था जब कंपनी के शेयरों में तेजी देखने को मिली।



### कंपनी ने जारी किए तिमाही नतीजे

इस शराब बनाने वाली कंपनी ने 31 जुलाई को तिमाही नतीजों का ऐलान किया था। कंपनी ने दी जानकारी में कहा है कि उनका नेट प्रॉफिट 131 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 75 प्रतिशत बढ़ा है। एक साल पहले इसी तिमाही में रेडिको खेतान का प्रॉफिट 75 करोड़ रुपये ही था। कंपनी ने दी जानकारी में कहा है कि रेवन्यू (ऑपरेशन्स एडवांस) 25 प्रतिशत के इजाफे के बाद 5314 करोड़ रुपये रहा है।

### मुकुल अग्रवाल के पास कितना शेयर

दिग्गज निवेशक मुकुल अग्रवाल के जून तिमाही तक कंपनी का 1.05 प्रतिशत हिस्सा था। उनके पास 14 लाख शेयर हैं। बता दें, मुकुल अग्रवाल के पोर्टफोलियो में बीएसई, पीटीसी इंडस्ट्रीज, नुवामा वेल्थ मैनजेमेंट, एलटी फूड्स जैसे स्टॉक भी शामिल हैं।

### यूक्रेन जंग के बाद रूस से कच्चा तेल खरीदना भारत के लिए फायदे का सौदा

## अब ट्रंप को लग रही मिर्ची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूसी तेल खरीद पर आपत्ति जताते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बतौर जुर्माना अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की तो यह एकदम बिजली गिरने जैसा ही लगा। हालांकि, भारत दबाव की रणनीति के आगे झुकता नहीं दिख रहा। वैसे भी रूस उसका पुराना रणनीतिक सहयोगी रहा है। यही वजह है कि तीन साल पहले यूक्रेन पर हमले के बाद जब पश्चिमी देशों ने रूस को सबक सिखाने के लिए उससे तेल खरीदना लगभग पूरी तरह बंद कर दिया, तो भारत ने न केवल खरीद जारी रखी, बल्कि प्रमुख खरीदार बन गया।

रूस को वित्तीय नुकसान पहुंचाने और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को दंडित करने के अमेरिका और यूरोप के प्रयासों ने तेल की कीमतों को काफी नीचे ला दिया। भारत ने इसे अच्छा मौका समझा और इसे लपक लिया। भारत और रूस का लंबा



व्यापारिक इतिहास रहा है, और ऊर्जा व्यापार इस रिश्ते में आसानी से फिट बैठता है। रूस के पास इसका विशाल भंडार है और भारत को इसके आयात की बहुत ज्यादा जरूरत है। तीन वर्ष पहले यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद उसका तेल भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो गया। फरवरी, 2022 के शुरू में भारत के कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी केवल 0.2 प्रतिशत थी। यूरोपीय बाजारों के दरवाजे बंद होने के बाद रूस से भारत को समुद्री निर्यात बढ़ने लगा।

### दोनों देशों को मिल रहा फायदा

तेल का यह सौदा दोनों देशों के लिए फायदेमंद रहा है। रूस को कच्चा तेल यूरोपीय संघ की ओर से निर्धारित सीमा के तहत 60 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर बेचने का मौका मिला। भारत ने छूट पर खरीदा। उसकी तेल कंपनियों ने कुछ तेल घरेलू खपत के लिए रिफाइन किया। बाकी को डीजल व अन्य उत्पादों के रूप में निर्यात किया। कुछ हिस्सा यूरोप को भी निर्यात किया गया। विदेशी आयात पर कम भुगतान अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा रहा, जिससे भारत की मुद्रा सुरक्षा बढ़ी।

### अमेरिका को कितना निर्यात

भारत, अमेरिका को सीधे कच्चा तेल नहीं, बल्कि रिफाइंड उत्पाद निर्यात करता है। यूएस एनर्जी इंफॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन (आईए) के अनुसार भारत ने 2024 में अमेरिका को लगभग 2.5 मिलियन मीट्रिक टन रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पाद भेजे, जो उसके कुल रिफाइंड उत्पाद निर्यात का लगभग 3 से 5 प्रतिशतथा। इनमें मुख्यत: डीजल और एटीएफ शामिल थे।

विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका भले ही रूसी तेल पर सीधे प्रतिबंध लगाए हुए है, लेकिन वह भारत से आने वाले परोक्ष रूप से रूसी ऑरिजिन उत्पादों को रोक नहीं रहा है, क्योंकि वे तकनीकी रूप से रिफाइंड इन इंडिया माने जाते हैं।

**60–70 मिलियन टन रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पाद निर्यात–** भारत प्रमुख रिफाइनिंग हब है, जहां रिलायंस (जामनगर), नायरा, आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल जैसे प्रतिष्ठान उच्च क्षमता वाली रिफाइनरियों का संचालन करते हैं।

भारत 2024–25 में कुल 60–70 मिलियन टन रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात कर रहा है। इनमें से बड़ी मात्रा में डीजल, पेट्रोल और एयर टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार रूस से सस्ते कच्चे तेल को रिफाइन कर भारत पश्चिमी देशों को नॉन–रशियन ऑरिजिन के रूप में भेजता है।

कैनेडियन ओपन

## चौथे दौर में पहुंचे टेलर फ्रिट्ज और बेन शेल्टन



**टोरंटो, एजेंसी।** दूसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने गेब्रियल डायलो को 6-4, 6-2 से शिकस्त देकर कैनेडियन ओपन के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। टेलर फ्रिट्ज 2022 में इंडियन वेल्स में जीत के बाद अब दूसरा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश में हैं। फ्रिट्ज का अगला मुकाबला 19वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका से होगा। चेक खिलाड़ी लेहेका ने 15वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से शिकस्त देकर आगे का रास्ता तय किया। फ्रिट्ज ने मैच की शुरुआत में ब्रेक लिया और डायलो को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया और हर बड़े अंक पर बढ़त बनाने की कोशिश करते दिखे। एक बार जब उन्होंने ब्रेक लेकर 3-1 की बढ़त बना ली, ऐसा लगने लगा कि जीत तय है। इसके बाद उन्होंने एक और ब्रेक लिया और आसानी से मैच अपने नाम कर लिया। दूसरी ओर, चौथे वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने ब्रैंडन नकाशिमा को 6-7(8), 6-2, 7-6(5) से हराकर एटीपी हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 5-0 की बढ़त बना ली।इस सीजन में दूसरी बार एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट (इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल) के चौथे दौर में पहुंचकर, शेल्टन अपनी 100वीं टूर-स्तरीय जीत हासिल करने से बस एक कदम दूर हैं।

टी20 सीरीज

## पाकिस्तान के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में उतरेगी वेस्टइंडीज की टीम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच फ्लोरिडा में दूसरा टी20 मैच आयोजित होगा। यह मुकाबला भारतीय समय के अनुसार तीन अगस्त की सुबह साढ़े पांच बजे से खेला जाएगा। वेस्टइंडीज की टीम सीरीज का अपना पहला मैच गंवा चुकी है। श्रृंखला में बने रहने के लिए वेस्टइंडीज को यह मुकाबला हर हाल में जीतना होगा। दोनों देशों के बीच यह मैच फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में खेला जाएगा, जहां की पिच शुरुआत में बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, यहां की पिच धीमी हो सकती है, जिससे रन बनाना मुश्किल होगा। ऐसे में स्पिनर यहां कुछ ओवरों के बाद दबदबा बना सकते हैं। इस मुकाबले में सईम अयूब, फखर जमान, हसन नवाज और कप्तान सलमान आगा से पाकिस्तान को बल्लेबाजी में खासा उम्मीदे हैं, जबकि गेंदबाजी में शाहीन अफरीदी, मोहम्मद नवाज, हारिस रऊफ और फहीम अशरफ टीम को मजबूती दे सकते हैं। सईम अयूब भी गेंद से चमक बिखेर सकते हैं।वहीं, वेस्टइंडीज के खेमे को कप्तान शाई होप के अलावा शेरफेन रदरफोर्ड, जेसन होल्डर, शमर जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स और ज्वेल एंड्र्यू से खासा उम्मीदे होंगी।

150 प्लस ओवर डाले दो टेस्ट सीरीज में




# सिराज तो कपिल देव बन गए! 34 सालों में पहली बार हुआ ऐसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोहम्मद सिराज नहीं जनाब, कपिल देव कहिए. आप सोच रहे होंगे कि हम ऐसा क्यों कह रहे हैं? तो इसके पीछे की वजह है सिराज का वो हैरतअंगेज कारनामा, जो उनसे पहले आखिरी बार भारतीय क्रिकेट में अगर किसी तेज गेंदबाज ने किया था तो वो कपिल देव थे. इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मोहम्मद सिराज अपनी गेंदबाजी से छाए हैं. वो इस सीरीज में सबसे सफल गेंदबाज बनकर उभरे हैं. लेकिन, विकेटों के लगाए ढेर का उनके कपिल देव जैसा होने से कोई मतलब नहीं. बल्कि, हम तो ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि जो काम 34 साल पहले कपिल देव ने किया था, वो अब सिराज ने कर दिखाया है. अब सवाल है कि कपिल देव ने 34 साल पहले क्या किया था? तो उसके तार एक साल के अंदर खेली दो टेस्ट सीरीज में 150 या उससे ज्यादा ओवर डालने से जुड़ा है. कपिल देव ने ऐसा 1991-92 में किया था. अब 34 सालों बाद सिराज ने भी वही काम किया है. उन्होंने भारत के लिए एक साल के अंदर खेली दो टेस्ट सीरीज में 150 प्लस ओवर डाले हैं.

### एक साल के अंदर- दो सीरीज में 150+ ओवर

मोहम्मद सिराज ने साल 2024-25 में ये दोनों टेस्ट सीरीज खेली. पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने 157.1 ओवर डाले. जबकि इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में वो अब तक 155.2 ओवर फेंक चुके हैं. इससे सिराज की फिटनेस के साथ-साथ टीम इंडिया के लिए उनकी उपयोगिता का भी पता चलता है.

### इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में सिराज का प्रदर्शन

इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में मोहम्मद सिराज के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने अब तक 155.2 ओवर की गेंदबाजी कर 18 विकेट चटकाए हैं. इस दौरान उन्होंने 1 बार 5 या उससे ज्यादा विकेट जबकि 1 बार 4 विकेट लिए. टेस्ट सीरीज में विकेटों की रेस में दूसरे स्थान पर बेन स्टोक्स हैं, मगर वो ओवल में खेला जा रहा आखिरी टेस्ट नहीं खेल रहे. ऐसे में सिराज के पास सीरीज के लीडिंग विकेट टेकर बनने का पूरा चांस है. बाकी भारतीय गेंदबाजों की बात करें तो सिराज के बाद जसप्रीत बुमराह दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं, जिन्होंने 14 विकेट लिए हैं. वहीं आकाशदीप के नाम फिलहाल 12 विकेट हैं.

## दलीप ट्रॉफी 2025 के लिए ईस्ट जोन की टीम घोषित-ईशान किशन कप्तान, अभिमन्यु उप-कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी 2025 के लिए ईस्ट जोन की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इस टीम की कमान भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को सौंपी गई है, जबकि अनुभवी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को उप-कप्तान बनाया गया है। टीम में कई उल्लेखनीय खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिनमें भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, हाल ही में इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए आकाश दीप, और युवा प्रतिभाशाली रियान पराग शामिल हैं। इसके अलावा, बिहार के 14 वर्षीय अंडर-19 खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को छह स्टैंडबाय खिलाड़ियों में जगह दी गई है।



**ईशान किशन (कप्तान)**- भारतीय टीम से बाहर चल रहे ईशान किशन ने हाल ही में नॉटिंघमशायर के लिए काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन-1 में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने दो अर्धशतक बनाए, जिसके चलते उन्हें ईस्ट जोन का नेतृत्व करने का मौका मिला है। किशन की कप्तानी और विकेटकीपिंग के साथ-साथ उनकी आक्रामक बल्लेबाजी टीम के लिए अहम होगी।
**अभिमन्यु ईश्वरन (उप-कप्तान):** अनुभवी सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन वर्तमान में भारतीय टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर हैं। उनकी तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाजी और अनुभव टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा ।शमी ने आईपीएल 2025 में खेला था अपना आखिरी मैच भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने आखिरी बार आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेला था, जहां नौ मैचों में छह विकेट लिए थे।

डूरंड कप

## क्लेटन सिल्वा के चार गोल, डायमंड हार्बर एफसी ने बीएसएफ एफसी को 8-1 से रौंदा



**कोलकाता, एजेंसी।** किशोर भारती क्रीड़ांगन (केबीके) में खेले गए इस मुकाबले में स्ट्राइकर क्लेटन सिल्वा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल (2', 35', 71', 90+3') दागे। उनके साथ ही फॉरवर्ड लुका माजसेन ने दो गोल (7', 39') किए, जबकि पॉल (53') और जॉबी जस्टिन (67') ने भी स्कोरशीट में नाम जोड़ा। बीएसएफ एफसी की ओर से एकमात्र गोल किशोरी ने 90वें मिनट में किया।

134वें डूरंड कप में डायमंड हार्बर एफसी ने अपने विजयी अभियान को जारी रखते हुए बीएसएफ एफसी को ग्रुप बी के मुकाबले में 8-1 से करारी शिकस्त दी। किशोर भारती क्रीड़ांगन (केबीके) में खेले गए इस मुकाबले में स्ट्राइकर क्लेटन सिल्वा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल (2', 35', 71', 90+3') दागे। उनके साथ ही फॉरवर्ड लुका माजसेन ने दो गोल (7', 39') किए, जबकि पॉल (53') और जॉबी जस्टिन (67') ने भी स्कोरशीट में नाम जोड़ा। बीएसएफ एफसी की ओर से एकमात्र गोल किशोरी ने 90वें मिनट में किया।

## विश्व शतरंज चैंपियन दिव्या को मिले तीन करोड़ रुपए

**नागपुर, एजेंसी।** दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं। दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को यहां फिडे महिला शतरंज विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को सम्मानित किया और उन्हें तीन करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। 19 साल की दिव्या 28 जुलाई को महिला विश्व कप का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्होंने फाइनल के टाई ब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराया जिससे वह खिताब जीतने के साथ ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं। दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे पल बहुत कम ही मिलते हैं। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बहुत खास पल है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं बच्चों के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का एक छोटा सा हिस्सा बन सकी। मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और महाराष्ट्र शतरंज संघ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिव्या को नकद पुरस्कार के रूप में तीन करोड़ रुपये का चेक सौंपा।



## एक ओवर में 45 रन! अफगान बल्लेबाज उस्मान गनी ने रचा इतिहास

ईसीएस T10 में बना डाला वर्ल्ड रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के मैदान पर जब तूफान आता है, तो स्कोरबोर्ड भी हिल जाता है और इस बार तूफान बने अफगानिस्तान के बल्लेबाज उस्मान गनी, जिन्होंने एक ओवर में 45 रन ठोककर नया विश्व रिकॉर्ड बना डाला. ऐसा कारनामा इससे पहले प्रोफेशनल क्रिकेट में कभी नहीं हुआ था.

### एक ओवर में बने 45 रन, कैसे?

टूर्नामेंट में 1 अगस्त को लंदन काउंटी क्रिकेट क्लब और गिल्डफोर्ड के बीच मुकाबला खेला गया. लंदन की ओर से ओपनिंग करने उतरे उस्मान गनी ने गिल्डफोर्ड के गेंदबाज विल एर्नी के ओवर में तबाही मचा दी. गनी ने एक ओवर में 6+ नो बॉल, 6, 4+वाइड , 6, 4+नो बॉल, 6, 0, 6, 4 की स्ट्राइकिंग से कुल 45 रन बटोर लिए. इस ओवर में बल्लेबाज ने अकेले 42 रन बनाए, जबकि 3 रन एक्स्ट्रा (2 नो बॉल और 1 वाइड) के रूप में आए. इससे पहले किसी बल्लेबाज ने एक ओवर में इतने रन नहीं बटोरे थे. यह अब तक का प्रोफेशनल क्रिकेट में सबसे महंगा ओवर बन गया है.

### उस्मान गनी की तूफानी पारी

मैच में उस्मान गनी पूरी तरह लय में दिख रहे थे. उन्होंने 43 गेंदों में नाबाद 153 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 17 छक्के शामिल थे. उनकी स्ट्राइक रेट 355.81 का रहा. उनके जोड़ीदार ईस्माइल बहरामी ने भी अपनी बल्लेबाजी से मैदान पर धूल उड़ा दी. उन्होंने 19 गेंदों पर 61 रन ठोके. दोनों की साझेदारी की बदौलत लंदन काउंटी ने 10 ओवर में 226/0 का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया था.

### गिल्डफोर्ड को 71 रन से हार

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गिल्डफोर्ड की टीम इतने विशाल लक्ष्य का सामना नही कर पायी और पूरी टीम माझ 155 रन ही बना सकी और 71 रन से मैच हार गई. उनके कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक तक नहीं पहुंच पाया.

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूरी और आरोप

29 वर्षीय उस्मान गनी अफगानिस्तान के लिए 17 वनडे और 35 टी- 20 खेल चुके हैं. उन्होंने 2014 में इंटरनेशनल डेब्यू किया थ, लेकिन 2023 में गनी ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक ले लिया था. उनका कहना था कि वह तभी वापसी करेंगे जब बोर्ड में सही मैनेजमेंट और ईमानदार सेलेक्शन कमिटी होगी.

## मन्नेपल्ली के बाद लक्ष्य भी मकाऊ ओपन से बाहर, दोनों को सेमीफाइनल में मिली हार

**मकाऊ, एजेंसी।** दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य के लिये यह सत्र कठिन रहा है जो सात बार पहले और दो बार दूसरे दौर से बाहर हो गए।

भारत का मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया है। लक्ष्य सेन और तरूण मन्नेपल्ली पुरूष एकल सेमीफाइनल मुकाबले हारकर बाहर हो गए। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य को इंडोनेशिया के अलवी फरहान ने 39 मिनट में 21-16, 21-9 से हराया। वहीं तरूण मन्नेपल्ली को मलेशिया के जस्टिन होह ने तीन गेम के मुकाबले में मात दी । विश्व रैंकिंग में 47वें स्थान पर काबिज 23 वर्ष के मन्नेपल्ली ने मजबूत शुरूआत की लेकिन कई गलतियों के कारण एक घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 16-21, 16-21 से हार गए।

दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य के लिये यह सत्र कठिन रहा है, जो सात बार पहले और दो बार दूसरे दौर से बाहर हो गए। कंधे, कमर और टखने की चोटों से जूझ रहे लक्ष्य ने पेरिस में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले आत्मविश्वास हासिल करने के लिये यह टूर्नामेंट खेला था।2003 विश्व जूनियर चैम्पियन फरहान ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें फाइनल में जगह नहीं बनाने दी। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज फरहान ने 0-3 से शुरूआत करके पहले गेम के पहले ब्रेक तक 11-7 की बढत बना ली। उन्होंने बेहतरीन ड्रॉप शॉट, रेलियां और स्मैश लगाते हुए लक्ष्य को दबाव में ला दिया।

लक्ष्य ने भी कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाये लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही । बैकहैंड विनर लगाकर उन्होंने स्कोर 13-19 किया लेकिन फरहान ने उनका शॉट नेट में जाने के बाद पांच अंक लेकर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। फरहान ने 5-4 की बढ़त बना ली और 38 शॉट की



रेली उनके बेहतरीन क्रॉस स्मैश पर खत्म हुई। ब्रेक तक फरहान के पास 11-5 की बढत थी । इसे उन्होंने 14-6 कर लिया। लक्ष्य का शॉट वाइड जाने और फिर शटल नेट में फंसने के कारण फरहान को 12 मैच प्वाइंट मिले जिस पर उन्होंने मैच अपने नाम कर लिया। पहले मैच में मन्नेपल्ली ने शुरूआत शानदार की और 11-6 से बढत भी बना ली लेकिन सहज गलतियों के कारण दबाव में आ गए। जस्टिन होह ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए वापसी की। मन्नेपल्ली ने हालांकि फिर बढ़त बनाकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी मन्नेपल्ली की गलतियों का सिलसिला जारी रहा और जस्टिन ने 8-6 से बढत बना ली। मन्नेपल्ली ने 13-13 से वापसी की लेकिन इसके बाद उनके दोनों शॉट बाहर निकल गए। जस्टिन ने 17-14 की बढत बना ली और फिर मन्नेपल्ली की लगातार गलतियों का फायदा उठाकर चार अंक लेकर गेम अपने नाम किया।

# मानहानि मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से कंगना रनौत को झटका

## याचिका खारिज



अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने एक मानहानि मामले को रद्द करने की उनकी याचिका को खारिज कर दिया है। यह मामला किसान आंदोलन के दौरान कंगना के एक एक्स पोस्ट से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने बुजुर्ग महिला मोहिंदर कौर की तस्वीर पर टिप्पणी की थी। साल 2021 में केस दर्ज कराया गया था।

मोहिंदर कौर ने कंगना के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था, जिसे कंगना ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। साल 2021 में दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन के दौरान कंगना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने मोहिंदर कौर की तस्वीर का जिक्र करते हुए विवादास्पद टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी को मोहिंदर कौर ने अपमानजनक माना और उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए बठिंडा में कंगना के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज करवाया। कंगना ने इस केस को रद्द करने की मांग करते हुए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उनकी दलील थी कि उनका एक्स पोस्ट अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में था और इसमें मानहानि का कोई इरादा नहीं था। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद कंगना की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने माना कि मानहानि का मामला प्रथम दृष्ट्या बनता है और इसे रद्द करने का कोई आधार नहीं है। इस फैसले के बाद कंगना को मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है। मोहिंदर कौर के वकील ने कहा कि यह फैसला न केवल उनके लिए, बल्कि उन सभी के लिए महत्वपूर्ण है जो सोशल मीडिया पर गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों से प्रभावित होते हैं। किसान आंदोलन के दौरान कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर दो तस्वीरें शेयर करते हुए विवादित टिप्पणी की थी। आंदोलन में शामिल लोगों को उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा बताया था। बठिंडा में ही नहीं, कंगना रनौत के विवादित बयान के कारण कई जगहों पर उनके खिलाफ कानूनी शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। बुलंदशहर और आगरा की कोर्ट में किसानों ने महिलाओं के अपमान का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था।

# 'कांतारा 2' की रिलीज से पहले ऋषभ की आगामी फिल्म का एलान, योद्धा की भूमिका में दिखेंगे अभिनेता



अश्विन गंगाराजू के निर्देशन में बन रही आगामी ऐतिहासिक-एक्शन ड्रामा फिल्म में ऋषभ शेट्टी शानदार किरदार में नजर आने वाले हैं। इसकी घोषणा खुद मेकर्स ने आज 30 जुलाई को फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए किया है। इस पोस्टर ने दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर एक अलग रोमांच पैदा कर दिया है। फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर ऋषभ शेट्टी की आगामी फिल्म का एक पोस्टर रिलीज किया है, जिसके टाइटल की घोषणा अभी नहीं की है। इसमें देखा जा सकता है कि एक योद्धा चेहरे पर कपड़ा बांधे और पीठ पर दो तलवारें लिए हुए दिखाई दे रहा। साथ ही हजारों संख्या में सैनिक रणभूमि में युद्ध करने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा उन सैनिकों का सामना करने के लिए एक तोप और कई बंदूकें दिखाई दे रही हैं। पोस्ट के कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'सभी विद्रोही युद्ध में नहीं गढ़े जाते। कुछ को भाग्य द्वारा चुना जाता है और यह एक विद्रोही की कहानी है।' इसके आगे मेकर्स ने लिखा उन्हें यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि इस प्रोडक्शन की 36वीं फिल्म का हिस्सा शानदार अभिनेता ऋषभ शेट्टी होंगे।

### दो भाषाओं में शूट होगी फिल्म

ऋषभ शेट्टी अभिनीत इस आगामी फिल्म का निर्माण सितारा एंटरटेनमेंट बैनर के तले किया जाएगा। इसके साथ ही फिल्म को तेलुगु और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ शूट किया जाएगा और मेकर्स इसे तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम सहित कई भाषाओं में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। अश्विन गंगाराजू द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कहानी 18वीं सदी के बंगाल की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी।

### ऋषभ शेट्टी का वर्कफ्रंट

ऋषभ शेट्टी की फिल्मों की बात करें, तो अभिनेता इस समय अपनी आगामी फिल्म कांतारा चैप्टर 1 की तैयारियों में व्यस्त हैं, जो जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 2 अक्टूबर 2025 को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन खुद ऋषभ शेट्टी ने ही किया है। वहीं इस फिल्म का निर्माण विजय किरागांदुर द्वारा किया जा रहा है और इसे होमबेल फिल्म्स का सहयोग प्राप्त है।

**अनुराग बसु का खुलासा**

# रामायण के लिए रणबीर कपूर ने छोड़ दी इस दिग्गज सिंगर की बायोपिक



**रणबीर** कपूर फिल्म रामायण में नजर आएंगे। इसे लेकर वे उत्साहित हैं। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने दिवंगत दिग्गज गायक किशोर कुमार की बायोपिक को छोड़कर यह फिल्म करने का फैसला किया। रणबीर कपूर इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण की तैयारियों में व्यस्त हैं। उन्हें जब यह फिल्म ऑफर हुई, उसी समय उनके पास दिवंगत सिंगर किशोर कुमार की बायोपिक का प्रस्ताव भी आया था। दोनों में से एक फिल्म को चुनना उनके लिए चुनौती थी। हालांकि, रणबीर ने किशोर कुमार की बायोपिक को छोड़कर रामायण साइन की। इसका खुलासा हाल ही में अनुराग बसु ने किया है। निर्देशक अनुराग बसु ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि रणबीर कपूर ने सिंगर की बायोपिक के बजाय रामायण को चुना। हालांकि, यह फैसला करना उनके लिए बहुत मुश्किल था। मगर, उन्होंने सही फैसला कर लिया। अनुराग बसु ने बातचीत के दौरान बताया कि शेड्यूल में टकराव के चलते रणबीर को दोनों प्रोजेक्ट्स यानी रामायण और किशोर कुमार की बायोपिक में से किसी एक को चुनना पड़ा। उन्होंने कहा, रणबीर के लिए यह जिंदगी में एक मुश्किल चुनाव था। किशोर कुमार की बायोपिक या रामायण। उनके लिए यह बहुत मुश्किल था।

# एक्ट्रेस कल्पिका के पिता ने बेटी को बताया सबके लिए खतरा

**➤ मेंटल हेल्थ को लेकर पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत**




साउथ एक्ट्रेस कल्पिका गणेश से जुड़ी एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। एक्ट्रेस के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि बेटी मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है और वो आसपास व परिवार के लोगों के लिए खतरा बन गई है। वे पुलिस से उसे रिहैब भेजने की गुजारिश कर रहे हैं। साउथ एक्ट्रेस कल्पिका गणेश से जुड़ी एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। उनके पिता संघवर गणेश ने अपनी ही बेटी के बिगड़ते मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गच्चीबावली पुलिस स्टेशन में औपचारिक पुलिस शिकायत दर्ज कराई है।

एक्ट्रेस कल्पिका गणेश का कहना है कि उनकी बेटी एक गंभीर मानसिक बीमारी से जूझ रही है। इससे उसे, परिवार और आसपास के लोगों को खतरा है। उन्होंने ये भी खुलासा किया है कि एक्ट्रेस पहले भी दो बार सुसाइड की कोशिश कर चुकी हैं।

**रिहैब में थी एक्ट्रेस, दो साल से नहीं खाई है दवा**

शिकायत में कहा गया है कि कल्पिका को पहले मेंटल ट्रीटमेंट के लिए एक रिहैब सेंटर में एडमिट कराया गया था, लेकिन पिछले दो साल से उसने दवा खाना बंद कर दिया है। इस वजह से वो कथित तौर पर बार-बार डिप्रेशन, आक्रामक व्यवहार और सबके सामने हंगामा करना, ऐसी हरकतें कर रही है।



# अर्जुन बिजलानी संग अंतरंग सीन में डर गई थीं कनिका मान

पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस कनिका मान ने वेब सीरीज रूहानियत में अर्जुन बिजलानी के साथ काम किया था। इस सीरीज का पहला सीजन साल 2022 में ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर आया था, और दूसरा सीजन उसी साल जुलाई में प्रीमियर हुआ। इस सीरीज में कनिका मान और अर्जुन बिजलानी के बीच कुछ अंतरंग सीन्स थे, जिन्हें करने में एक्ट्रेस का बुरा हाल हो गया था।

कनिका सेट पर ही रोने लगी थीं। कनिका मान ने फिल्मीज्ञान से बातचीत में यह खुलासा किया। साथ ही बताया कि जब वह रोने लगीं, तो अर्जुन बिजलानी शर्मिंदा होकर सेट छोड़कर चले गए। अर्जुन को लगा कि शायद कनिका उनकी वजह से असहज हो गई हैं। कनिका मान ने बताया, मैं उस सीन को करते हुए रोई थी। मैं सहज नहीं थी। सेट पर कई लोग होते हैं। हां, ऐसे सीन शूट करते समय लोगों की संख्या कम कर दी जाती है, लेकिन फिर भी, यह अजीब था और मैं रोने लगी। मैंने उनसे कहा कि इस सीन को रहने देते हैं। कनिका ने आगे बताया, अर्जुन को कुछ अजीब लगा। उन्हें लगा कि मैं उनकी वजह से असहज हो गई हूं। वह सेट छोड़कर चले गए। मैंने उनसे माफी मांगी। वह मेरे सीनियर हैं। उन्होंने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। मैं उनका बहुत सम्मान करती हूं। मैंने अर्जुन से माफी मांगी और फिर वह सीन आराम से किया। मालूम हो कि अर्जुन बिजलानी उम्र में कनिका मान से 11 साल बड़े हैं। कनिका मान के करियर की बात करें, तो उन्होंने साल 2018 में बढ़ो बहू में छोटे से रोल से शुरुआत की थी। फिर वह गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा से घर-घर मशहूर हो गईं। साल 2024 में वह टीवी शो चांद जलने लगा में नजर आईं।

# हर्षवर्धन ने सादिया संग शुरू की 'सिला' फिल्म की शूटिंग



**सनम** तेरी कसम फेम एक्टर हर्षवर्धन राणे अब एक और रोमांटिक-ड्रामा फिल्म में नजर आने वाले हैं, जिसका नाम है सिला। फिल्म की शूटिंग जोरो-शोरो से चल रही है। अब अभिनेता ने सोशल मीडिया के जरिए जानकारी दी है कि फिल्म के दूसरे चरण की शूटिंग आज गुरुवार से शुरू हो रही है, जिसमें अभिनेत्री सादिया खतीब हिस्सा होंगी। आइए जानते हैं अभिनेता ने क्या पोस्ट किया। अभिनेता हर्षवर्धन राणे ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने कुछ तस्वीरें साझा की हैं। शेयर की गई पहली तस्वीर में अभिनेता सिला फिल्म की एक्ट्रेस सादिया खतीब के साथ नजर आ रहे हैं। इसमें दोनों एक्टर्स हाथों में गुलदस्ता लिए दिख रहे हैं और साथ में कुछ प्यारे-प्यारे बच्चे भी नजर आ रहे हैं। वहीं अन्य फोटोज में एक्टर शानदार अंदाज में दिख रहे हैं। आपको बताते चलें कि इन तस्वीरों को अभिनेता ने वियतनाम से पोस्ट की हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए हर्षवर्धन राणे ने पोस्ट में कैप्शन भी दिया है। अभिनेता ने लिखा कि आज गुरुवार से उन्होंने सिला फिल्म के दूसरे चरण की शूटिंग टैलेंटेड एक्ट्रेस सादिया खतीब के साथ शूरू कर दी है। इसके साथ उन्होंने बताया कि ये शूटिंग ओमंग कुमार के निर्देशन में वियतनाम में की जा रही है। 'सिला' फिल्म की कहानी समीर जोशी ने लिखी है, जबकि डायलॉग्स आरंभ एम. सिंह ने तैयार किए हैं। संगीत की जिम्मेदारी अंकित तिवारी, सचेत-परंपरा, श्रेयस पुराणिक और एलेक्सिया एवलिन जैसे प्रतिभाशाली संगीतकारों के पास है। ये टीम पहले ही कई हिट गाने दे चुकी है। अब दर्शकों को इस फिल्म का इंतजार बड़ी बेसब्री से है।



# विक्रांत ने शुरू की फिल्म व्हाइट की शूटिंग, कोलंबो में कर रहे शूट

**बॉलीवुड** अभिनेता विक्रांत मैसी इन दिनों श्री श्री रविशंकर के जीवन पर बेस्ड बायोपिक व्हाइट की शूटिंग के लिए कोलंबो में हैं। 12वीं फेल जैसी फिल्म से गहरी छाप छोड़ने वाले विक्रांत अब एक ऐसे किरदार में नजर आने वाले हैं, जिसके लिए वो काफी उत्साहित हैं। रिपोर्ट की मानें तो अभिनेता एक महीने तक कोलंबो में ही शूट करने वाले हैं। फिल्म 'व्हाइट' का निर्देशन मोंटू बासी कर रहे हैं और ये फिल्म आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के जीवन के इंस्पायरिंग सफर को बड़े पर्दे पर उतारने की कोशिश करेगी। सूत्रों के मुताबिक, विक्रांत कोलंबो में रहकर फिल्म के अहम सीन शूट करेंगे, जिनमें गुरुजी की कोलंबिया में शांति स्थापना में भूमिका को विशेष रूप से दिखाया जाएगा। कुछ समय पहले श्री श्री रविशंकर के साथ हुई अपनी मुलाकात की तस्वीरें शेयर करते हुए विक्रांत ने एक भावुक नोट लिखा था, जिसमें उन्होंने गुरुदेव के विशाल व्यक्तित्व को पर्दे पर उतारने की जिम्मेदारी को लेकर अपने डर का जिक्र किया था। उन्होंने लिखा कि इस भूमिका को निभाना आसान नहीं होगा, लेकिन वो पूरी मेहनत से इस किरदार में उतरने की कोशिश करेंगे। फिल्म में कोलंबिया के 52 साल लंबे गृहयुद्ध के आखिर में श्री श्री रविशंकर द्वारा निभाई गई अहम भूमिका को विस्तार से दिखाया जाएगा।

# सैयारा का टाइटल ट्रैक बनाते समय डिप्रेशन में था

**अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' के गाने, खासकर टाइटल ट्रैक कई म्यूजिक चार्ट में छाया हुआ है। टाइटल ट्रैक को बनाने वाले म्यूजिक कंपोजर तनिष्क बागची ने इस गाने को बनाने के पीछे की कहानी बताई है।**



इंटरव्यू में उन्होंने 'सैयारा' के गाने को प्रोडक्ट ऑफ पेन बताया है। तनिष्क से जब इंटरव्यू में पूछा जाता है कि क्या सबसे अच्छा गाना या म्यूजिक दर्द में बाहर आता है? जवाब में वो इस पर हामी भरते हैं।

फिर तनिष्क बताते हैं- 'आप यकीन नहीं करोगे, जब सैयारा बन रहा था, तब मैं बहुत ज्यादा डिप्रेशन में था। मैं रोज दवाई ले रहा हूं। सो नहीं पा रहा था। सफलता तो थी, लेकिन फिर भी एक खालीपन था जिसे मैं समझ नहीं सका। मेरे पास घर था, करियर था, सब कुछ था लेकिन उदासी भी थी। अर्सलान निजामी फैमिली इशू से गुजर रहे थे। फहीम अब्दुल्ला का एग्जाम था। मोहित सर और हम सब खुलकर बात करते थे। हमने अपने अंदर का भारीपन एक-दूसरे के साथ शेयर किया। सैयारा में शामिल हर कलाकार ने इसमें अपना दर्द डाला। मुझे लगता है यही वजह है कि इसका असर इतना गहरा है।' इंटरव्यू में जब आगे तनिष्क से पूछा गया कि आपने तो इतने सारे अच्छे गाने बनाए हैं लेकिन इस बार ऐसा क्या हुआ, जो ऑडियंस को इतना पसंद आया? इस पर वो कहते हैं- 'हमने कभी भी हिट फिल्म बनाने का लक्ष्य नहीं रखा था। हम बस यही चाहते थे कि फिल्म रियल, सिंपल और ईमानदार हो। कोई ड्रामा नहीं, कोई बनावट नहीं। जब यह बना तो मैंने इसे लूप पर सुना। पहली बार, मेरे अपने गाने ने मुझे ठीक करना शुरू किया।

साभार एजेंसी